ग्वालियर
बुधवार
7 अक्टूबर 2020
संवत विक्रम 2077
हिजरी 1441
आश्विन कृष्ण 6

प्रदेश का पहला हिन्दी दैनिक

नव प्रभात

ग्वालियर एवं भोपाल से प्रकाशित

सुविचार

जीवन एक यात्रा है न की दौड़, हमें हमेशा अपना जीवन अपने तरीके से जीना चाहिए क्योंकि यह जीवन सिर्फ एक ही बार मिलता है, इस अवसर को पहचानों।

- अज्ञात

❒ वर्ष 73 ❒ अंक 253 ❒ पृष्ठ 8 ❒ मूल्य 2 रु. प्रधान संपादक : चन्द्रमोहन नागोरी Email-: navprabhat@yahoo.com/navprabhat2@gmail.com

न्यूज इन ब्रीफ

नौशेरा में पाक सैनिकों ने फिर तोड़ा सीजफायर, सूबेदार सुखदेव सिंह शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया है। सोमवार देर रात पाकिस्तान ने नौशेरा सेक्टर में लगातार फायरिंग की। जिसमें भारतीय सेना के सूबेदार सुखदेव सिंह शहीद हो गए हैं। पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी के बाद नियंत्रण रेखा पर तनाव पैदा हो गया है। शहीद सूबेदार सुखदेव सिंह ऊधमपुर के मजालता के निवासी थे। पाकिस्तान की ओर से नौशेरा सेक्टर में गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की।

कांग्रेस के दिग्गज नेता कार्तिकेश्वर पात्रा का निधन

नई दिल्ली। दिग्गज कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद कार्तिकेश्वर पात्रा का सोमवार रात को निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से बीमार थे। सूत्रों के अनुसार वह 79 वर्ष के थे। पात्रा के परिवार में उनकी पत्नी उमारानी, तीन बेटियां और एक बेटा है। उनकी पत्नी भी विधायक रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और सोमवार देर रात इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई।

20 अक्टूबर तक जेल में रहना होगा रिया, शौविक चक्रवर्ती को

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स केस में गिरफ्तार रिया और शौविक चक्रवर्ती को एक बार फिर से कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने रिया, शौविक चक्रवर्ती और अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 20 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। बता दें कि सुशांत से जुड़े ड्रग्स केस में रिया, शौविक चक्रवर्ती समेत अन्य 18 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की मियाद मंगलवार को खत्म हो रही है। पिछली बार विशेष अदालत ने रिया की न्यायिक हिरासत की अवधि 6 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

कोरोना संक्रमित पाए गए स्वास्थ्य मंत्री सिद्धू

अमृतसर। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। सिद्धू सोमवार को पंजाब में हो रही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ट्रैक्टर रैली के लिए संगरूर में मौजूद थे। इस रैली में राज्य के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब कांग्रेस प्रमुख सुनील जाखड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत कई बड़े नेता भी मौजूद थे।

बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू 115 और भाजपा 112 सीटों पर लड़ेगी

एनडीए में सीटों का बंटवारा, लोजपा को दिखाया बाहर का रास्ता

पटना/नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों का बंटवारा हो गया है। बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा 112 और जदयू 115 सीटों पर लड़ेगी। शेष 16 सीटों पर एनडीए के दो अन्य दलों के प्रत्याशी मैदान में होंगे। इस बीच, एनडीए में शामिल रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को स्पष्ट कह दिया गया है कि बिहार में नीतीश कुमार ही एनडीए के नेता होंगे। अगर वह नीतीश का नेतृत्व स्वीकार नहीं करते है तो उन्हें एनडीए छोडऩा पड़ेगा। इस बीच, राज्य में सभी प्रमुख दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। केवल भाजपा और लोजपा की सूची जारी होना बाकी है। प्रमुख विपक्षी दल राजद को उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही हंगामे का सामना करना पड़ा। वहीं, कांग्रेस ने अपनी सूची में किसी भी क्रिमिनल को मौका नहीं दिया है।

बिहार भाजपा के बड़े नेताओं की सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात मंगलवार शाम को समाप्त हो गई। एक घंटे तक चली बैठक में भाजपा के देवेंद्र फडणवीस, भूपेंद्र यादव, संजय जायसवाल मौजूद थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल ने चिराग पासवान को साफ कहा कि अगर वह नीतीश कुमार का नेतृत्व नहीं स्वीकार करते तो एनडीए से भी हटना पड़ेगा।

सीट शेयरिंग की प्रक्रिया भी पूरी होने के बाद दोनों पार्टियों के नेता गठबंधन व सीटों का औपचारिक ऐलान कर दिया है। इसके तहत 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा की 115 सीटों पर जदयू लड़ेगी, जबकि भाजपा 112 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। महागठबंधन छोड़ एनडीए में आने वाले मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) 9 सीटों पर और जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) 7 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। जदयू ने हम के लिए 7 और भाजपा ने वीआईपी के लिए 9 सीटें छोड़ी है।

भाजपा नेता राजेंद्र लोजपा में शामिल

भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र सिंह लोजपा में शामिल हो गए हैं। एनडीए से लोजपा बाहर हो चुकी है। उन्हें बिहार की दिनारा सीट से मैदान में उतारा जा सकता है। सासाराम से अशोक कुशवाहा और भोजपुर के संदेश से विजयेंद्र यादव को जदयू ने उम्मीदवार घोषित किया है।

30-40 उम्मीदवार उतारेगी शिवसेना

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में 30-40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एक-दो दिन में तय होगा कि राज्य में कितनी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बिहार में हमारे लोग 50 सीटों पर (चुनाव) लडऩा चाहते हैं।

हाथरस घटना को सीजेआई ने बताया हृदय विदारक

योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच का किया अनुरोध

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाथरस की घटना को हृदय विदारक और अभूतपूर्व करार दिया। मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीमकोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि हाथरस में दलित लड़की से कथित सामूहिक बलात्कार और बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु की घटना से संबंधित गवाहों के संरक्षण के लिये उठाये गये कदमों के बारे में गुरुवार तक विस्तृत जानकारी दी जाये। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेगी कि इस मामले की जांच सुचारू ढंग से हो। प्रदेश सरकार की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, हाथरस मामले में एक के बाद एक तरह तरह की बातें की जा रही हैं। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सीबीआई जांच यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी निहित स्वार्थो के लिये अपने मकसदों के लिये फर्जी कहानियां नही बना सकेगा। राज्य सरकार ने पीठ से यह भी कहा कि हाथरस मामले में सीबीआई की जांच शीर्ष अदालत की निगरानी में करायी जा सकती है। राज्य सरकार ने इस मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की सिफारिश की है और एफएसएल की रिपोर्ट का जिक्र करते हुये बलात्कार के आरोप से इंकार किया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय से हाथरस मामले की सीबीआई जांच का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई निहित स्वार्थ से गलत और झूठे विमर्श नहीं रच पाएगा। प्रदेश सरकार ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि स्वतंत्र केंद्रीय एजेंसी से जांच कराई जाए।

हाथरस इफेक्टः बिहार चुनाव में रेप के किसी भी आरोपी को प्रत्याशी नहीं बनाएगी कांग्रेस

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए गैंगरेप कांड का असर अब बिहार विधानसभा चुनाव पर भी दिखाई देने लगा है। बिहार में बड़ी संख्या में दलित वोटर हैं, ऐसे में राजनेताओं की ओर से लगातार इसका जिक्र किया जा रहा है। इस बीच कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि बिहार चुनाव में किसी भी ऐसे उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया जाएगा, जिसपर रेप का आरोप लगा हो।

कांग्रेस मीडिया में अपना घोषणा पत्र ले जाकर सामने रखे फिर कृषि बिलों का विरोध करेः तोमर

विशेष संवाददाता

ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि कांग्रेस आज जिस किसानों के रिफार्म का विरोध कर रही है। कांग्रेस उसके लिये दुष्प्रचार का सहारा ले रही है तो कांग्रेस नेता सबसे पहले मीडिया में जायें और कहें कि हमने अपने चुनाव घोषणा पत्र में जो लिखा था वह झूट ही है। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार आत्मनिर्भर अभियान के तहत एक लाख करोड का कृषि अधोसंरचना फंड की स्थापना से या फिर दस हजार कृषक उत्पादक समूहों एफपीओ का निर्णय हो, सरकार का प्रत्येक कदम किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ दिलाने का प्रयास है।

केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर आज पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि संसद में कांग्रेस ने एक्ट के तहत एक लाइन का भी विरोध नहीं किया हां राजनैतिक बातें जरूर की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी अपने चुनावी घोषणा पत्र में यही लिखा हे कि आज कृषि के क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता है। इन सुधारों के बाद ही देश आगे बढ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सुधारों को समय ाहते लागू किया और उससे देश आत्म निर्भर बनेगा और कृषि का जो योगदान जीडीपी में है वह रिफार्म के बाद और तेजी से आगे बढेगा। किसानों के जीवन में बदलाव भी आयेगा। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि बिल लाकर किसानों को मदद पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि पहले एमएसपी का लाभ लगभग 6.7 प्रतिशत किसानों को ही मिल पाता था। तोमर ने कहा कि कृषि विधेयक किसानों के जीवन में बदलाव लाने वाले अहम कदम साबित होंगे। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जा सकेगा। किसानों की आय बढाने एवं उनके जीवन स्तर में बदलाव लाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एमएसपी पूर्व की तरह निर्धारित होती रहेगी।

शेष अंतिम पृष्ठ पर

मप्र के बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करने वाली याचिका पर स्पीकर का बयान 1 सप्ताह बाद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि मध्य प्रदेश के 22 बागी विधायकों की अयोग्यता पर मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा निर्णय लेने की याचिका को इस संबंध में स्पीकर के बयान के लिए एक सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया जाए। इस संबंध में याचिका कांग्रेस विधायक विनय सक्सेना ने दायर की थी। इस मामले में उनकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कोर्ट को जानकारी दी कि याचिका में मामले की सुनवाई टालने के लिए अर्जी लगाई गई है। जब तन्खा ने अदालत को सूचित किया कि अयोग्य ठहराए जाने के अपने फैसले पर अध्यक्ष से प्रतिक्रिया के लिए मामला सूचीबद्ध किया गया है, तो कोर्ट ने पूछा कि उनकी ओर से कौन पेश हो रहा है? विधानसभा अध्यक्ष के लिए वकील पेश हुए और उन्होंने कहा कि उन्हें केवल कल ही याचिका की एक प्रति मिली है। इसके बाद उन्होंने मामले में विधानसभा अध्यक्ष की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिये जाने की मांग की। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस से बीजेपी में शामिल 22 बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करने की याचिकाओं पर निर्णय नहीं लेने के कारण पर मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष से जवाब मांगा था। कोर्ट ने कांग्रेस विधायक विनय सक्सेना द्वारा दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्यता का फैसला करने के लिए 3 महीने की समयसीमा का उल्लंघन किया है।

आचार संहिता का उल्लंघनः बिसाहूलाल के बाद अब मंत्री ब्रजेंद्र सिंह का साड़ी बांटते वीडियो वायरल

भोपाल। भाजपा के एक और मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह महिलाओं को साड़ी बांटते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना है। मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर दोनों पार्टियों ने धुंआधार चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इस बीच, भाजपा के एक और मंत्री और मुंगावली से भाजपा के संभावित प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह साड़ी बांटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके एक दिन पहले बिसाहूलाल सिंह का लोगों को नोट बांटने का वीडियो वायरल हुआ था। इसे लेकर कांग्रेस एक बार फिर से हमलावर हो गई है। कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर नरेंद्र सलूजा ने कहा है कि हम इस मामले को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। सलूजा ने कहा कि मुंगावली के पूर्व विधायक और शिवराज सरकार में मंत्री बृजेंद्र यादव वीडियो में मतदाताओं को साड़ी बांट रहे हैं। भाजपा के मंत्री कोई नोट, कोई कलश, कोई साड़ी बांट रहा है।

मप्र में उपचुनाव के लिए कांग्रेस के 27 नाम तय

हेमंत कटारे को मेहगांव तो राकेश मावई को मुरैना से टिकट, बदनावर में उम्मीदवार बदला

भोपाल। मध्य प्रदेश में उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। तीसरी लिस्ट में कांग्रेस ने 3 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, वहीं एक सीट पर प्रत्याशी बदल दिया है। कांग्रेस ने भिंड की मेहगांव सीट से हेमंत कटारे को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने 28 सीटों में से 27 पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अब सिर्फ ब्यावरा सीट पर नाम की घोषणा बाकी है।

कांग्रेस ने तीसरी लिस्ट में हेमंत कटारे के साथ मुरैना से राकेश मावई और मलहरा सीट से राम सिया भारती को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही बदनावर से पहले उम्मीदवार बनाए गए अभिषेक सिंह की जगह अब कमल पटेल को टिकट दिया।

भिंड जिले की मेहगांव सीट में कांग्रेस के लिए प्रत्याशी चयन सबसे बड़ा सिरदर्द बना। सर्वे के बाद चुनाव जीतने योग्य प्रत्याशी के रूप में सामने आए चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी के नाम पर पार्टी के ही कई वरिष्ठ नेताओं के विरोध के बाद यह स्थिति निर्मित हुई है। लगभग एक साल पहले कांग्रेस में घर वापसी करने वाले राकेश चतुर्वेदी 10 वर्ष पहले ही विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता रहते हुए भी अचानक भाजपा में चले गए थे। उनकी यही भूल उनके रास्ते का सबसे बड़ा कांटा बन गई। इसके अतिरिक्त विकल्प के रूप में पूर्व विधायक हेमंत कटारे का नाम सामने आया। उन्हें कमलनाथ की पसंद होने का फायदा मिला और वे सब पर भारी पड़े।

ब्यावरा में फंसा पेंच

विधायक गोवर्धन सिंह दांगी के निधन से खाली हुई राजगढ़ जिले के ब्यावरा सीट पर कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। तीसरी लिस्ट में भी ब्यावरा को छोड़ दिया गया। अब तक जिन नामों पर विचार चल रहा है, उनमें पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी और पुरुषोत्तम दांगी शामिल हैं।

राहुल को हरियाणा में एंट्री से रोका तो धरने पर बैठे, बोले-यहीं इंतजार करूंगा; फिर 100 कार्यकर्ताओं के साथ जाने की मंजूरी मिली

कुरुक्षेत्र। कृषि कानूनों का विरोध कर रही कांग्रेस की ट्रैक्टर रैली मंगलवार को हरियाणा बॉर्डर पर पहुंची। राहुल गांधी ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ हरियाणा जाने की मांग की। 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जाने की परमिशन नहीं थी, ऐसे में पुलिस ने रैली को रोक दिया। यहां धक्का-मुक्की भी हुई और राहुल धरने पर बैठ गए। राहुल ने कहा कि वो हिलेंगे नहीं, इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक जाने नहीं दिया जाता वो एक घंटे, 5 घंटे, 24 घंटे, 100 घंटे, एक हजार घंटे या 5 हजार घंटे इंतजार करेंगे। कुछ देर बातचीत के बाद राहुल को 100 कार्यकर्ताओं के साथ हरियाणा में एंट्री दे दी गई। ट्रैक्टर रैली पंजाब के पटियाला से हरियाणा बॉर्डर पहुंची। कुछ जगहों पर राहुल भी ट्रैक्टर चलाते दिखे। रैली में उनके साथ हरीश रावत, रणदीप सिंह सुरजेवाला, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा भी थे।

50 प्रतिशत क्षमता के साथ 15 से सिनेमा हॉल खोलने की अनुमति

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में परिचालन से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये जगहें कोविड-19 महामारी के मद्देनजर छह महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद 15 अक्टूबर से फिर से खोले जाने के लिए निर्धारित हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, सिनेमा हॉल को 50त्न ऑक्युपेंसी के साथ संचालित करने की अनुमति है ताकि लोगों के बीच पर्याप्त सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखी जा सके। ये सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई सीट न बदले। मंत्रालय ने कहा है कि स्क्रीनिंग की शो टाइमिंग भी बदली जाएगी और भीड़भाड़ से बचने के लिए पर्याप्त संख्या में बॉक्स ऑफिस काउंटर खोले जाएंगे। उन्होंने इंटरवल के दौरान दर्शकों को भीड़ से बचने को कहा है।

सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए सिनेमाघरों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की घोषणा की। उन्होंने अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 50 प्रतिशत बैठने की क्षमता के साथ 15 अक्टूबर से सिनेमा हॉल खोलने की अनुमति होगी। साथ ही मास्क पहनना और दर्शकों के बीच एक सीट की दूरी रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, %%सिनेमा घर पिछले सात महीनों से बंद हैं। वे अब 15 अक्टूबर से खुलेंगे। लोगों की सुरक्षा के लिए हमने एसओपी तैयार की है। उन्होंने कहा, सिनेमा घरों में 50 प्रतिशत लोगों के बैठने की अनुमति होगी। एक कुर्सी छोड़कर बैठने की व्यवस्था की जाएगी। मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

शौर्य मिसाइल को सेना में शामिल करने की अनुमति

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने 700 किमी दूरी तक मार करने वाली शक्तिशाली शौर्य स्ट्रैटजिक मिसाइल को सेवा में शामिल करने की अनुमति दे दी है। शौर्य पनडुब्बी द्वारा लांच की गई बीए-05 मिसाइल का भूमि संस्करण है,इस रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है।3 अक्टूबर को ओडिशा के बालासोर में इसका सफल परीक्षण किया गया था।रक्षा सूत्रों ने बताया कि मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर से 1,000 किलोमीटर के बीच है, यह 200 किलोग्राम से 1,000 किलोग्राम भार ले जाने में सक्षम है।

कोयला घोटाले में पूर्व मंत्री दिलीप रे दोषी करार, 14 अक्टूबर को सजा पर बहस

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे को मंगलवार को एक विशेष अदालत ने एक कोयला घोटाला मामले में दोषी करार दिया है। यह मामला झारखंड में 1999 में कोयला ब्लॉक के आवंटन में कथित अनियमितता से संबंधित है। अदालत में 14 अक्टूबर को सजा की मात्रा पर बहस होगी। दिलीप रे अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में कोयला राज्यमंत्री थे। विशेष न्यायाधीश भरत पराशर ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में पूर्व राज्य मंत्री (कोयला) दिलीप रे को दोषी ठहराया और आपराधिक षड्यंत्र और अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया। अदालत ने उस समय कोयला मंत्रालय के दो वरिष्ठ अधिकारियों, प्रदीप कुमार बनर्जी और नित्यानंद गौतम के साथ कैस्ट्रॉन टेक्नॉलजीज लिमिटेड (सीटीएल), इसके निदेशक महेंद्र कुमार अग्रवाल और कैस्ट्रॉन माइनिंग लिमिटेड (सीएमएल) को भी दोषी ठहराया है। यह मामला 1999 में झारखंड के गिरिडीह में 'ब्रह्मडीह कोयला ब्लॉक% के आवंटन से जुड़ा है। विशेष सीबीआई कोर्ट ने अप्रैल, 2017 में रे के अलावा कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और सलाहकार प्रदीप कुमार बनर्जी और नित्यानंद गौतम के साथ-साथ कैस्ट्रॉन टेक्नॉलजीज लिमिटेड, और उसके डायरेक्टर महेंद्र कुमार अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और विश्वास हनन का आरोप तय किया था।

अवैध हथियारों के साथ आरोपी दबोचा, हथियार भी किया बरामद

शिवपुरी। थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह चौहान को सोमवार के रोज कस्बा गश्त जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति हसर्रा तिराहा सिनावल टोरिया रोड पर अबैध हथियार लिये कोई बारदात करने के इरादे से घूम रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के मौके पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेरकर पकड़ा तो उसने अपना नाम सिरनाम सिंह पुत्र मर्दन सिंह लोधी उम्र 38 साल निवासी हसर्रा का बताया उसकी तलाशी ली तो अबैध रूप से कमर में बायीं तरफ एक कट्टा 315 बोर का लोडेड खुर्से मिला। जिससे आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 का कायम किया

जाकर आरोपी को मंगलवार को न्यायालय पेश कर जेल बारंट बनने से जेल दाखिल किया गया।

आरोपी सिरनाम लोधी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है उसके ऊपर एक दर्जन से अधिक अपराध कायम है। कुछ दिन पूर्व उसने अपने पिता मर्दन सिंह लोधी की काफी मारपीट कर घर से भगा दिया था। उसकी जमीन, मकान पर कब्जा कर लिया। बामौरकलां पुलिस द्वारा उस प्रकरण में भी आरोपी सिरनाम लोधी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में थाना नरवर द्वारा अगोली चक नहर पुलिया के पास से आरोपी देवेन्द्र पुत्र रामचरण रावत उम्र 45 साल निवासी ग्राम कैरूआ, मगरोनी को विधिवत गिरफ्तार कर एक 315 बोर का देशी कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड के बरामद कर आरोपी के विरुध्द आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना अमोला द्वारा सिलानगर तिराहा हाईवे रोड़ से आरोपी राकेश पुत्र धनीराम रावत उम्र 41 साल निवासी चांदपुर थाना डबरा जिला ग्वालियर को विधिवत गिरफ्तार कर एक 315 बोर का देशी कट्टा मय दो जिंदा राउण्ड के बरामद कर आरोपी के विरुध्द आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दुर्गा प्रतिमाओं की ऊंचाई बढ़ाने व पर्याप्त स्थान देने पर बजरंगदल व विहिप ने माना सरकार का आभार

शिवपुरी। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आगामी समय में मनाए जाने वाले नवदुर्गा महोत्सव को ध्यान में रखतें हुए माननीय मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता को सौंपा था। जिस पर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा माँ दुर्गा प्रतिमा का पाण्डाल एवं प्रतिमा की ऊंचाई पर लगा 6 फिट का प्रतिबंध खत्म करते हुए नए आदेश जारी किए है जिसके तहत अब प्रतिमा ऊंची भी हो सकेगी और पाण्डाल के लिए पर्याप्त स्थान भी मिल सकेगा। यह नए आदेश जारी होने पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के जिलाध्यक्ष रामसिंह यादव के साथ विभाग संयोजक नरेश ओझा, जिला मंत्री विनोदपुरी गोस्वामी व जिला संयोजक अखिल प्रताप सिंह, जिला अखाड़ा सहप्रमुख राज कर्मावत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश यादव रमेश कुश्वाह नगर मंत्री, सचिन मांझी नगर सह संयोजक, आकाश कुशवाह नगर गौरक्षा प्रमुख सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने आभार ज्ञापित किया है।

मारबाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा ऑनलाईन भजन प्रतियोगिता आयोजित

शिवपुरी। कोरोना काल भले ही अपना असर दिखाए या ना दिखाए बाबजूद इसके मारबाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा वर्तमान हालातों को ध्यान में रखतें हुए ऑनलाईन भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मारबाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष श्रीमती नंदा खण्डेलवाल व सचिव श्रीमती आशु अग्रवाल ने बताया कि कोरोना काल अभी खत्म नहीं हुआ है और सरकार की मंशानुरूप कोई भी कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से ना मनाए जाने को लेकर मारबाड़ी महिला सम्मेलन शाखा शिवपुरी के द्वारा ऑनलाईन भजन प्रतियोगिता वर्तमान में अधिक मास को ध्यान में रखतें हुए आयोजित की। जिसमें संस्था की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती अंशु गुप्ता, राष्ट्रीय जन जागरण समिति प्रकल्प प्रमुख श्रीमती इन्दु सोमानी और प्रान्तीय जन जागरण समिति प्रकल्प प्रमुख श्रीमती मृदुला राठी शिवपुरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सपना बढ़ाया ने किया और अध्यक्ष श्रीमती नंदा खंडेलवाल, सचिव श्रभ्मती आशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुमन कोठारी ने सभी का स्वागत तुलसी पत्र द्वारा किया और सभी को इस प्रोग्राम में आने के लिए धन्यवाद दिया। गणेश वंदना श्रीमती रेखा अग्रवाल ने की और प्रार्थना गीत श्रीमती संतोष खंडेलवाल ने गाया साथ ही पुष्पलता मित्तल भी उपस्थित थीं। यह शिवपुरी शाखा की प्रथम पहल थी जो सफल रही जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

50 वर्षों से काबिज भूमि स्वामी के मकान पर दबंगों ने बंदूक की दम पर चलाई जेसीबी

अमोला पुलिस ने भी नहीं सुनी फरियादी, अब एएसपी से लगाई न्याय की गुहार

शिवपुरी। शासकीय भूमि पर 50 वर्षों से काबिज होकर प्रतिमाह उसके जुर्माने की राशि अदा करने के बाद भी ग्राम के ही दबंग धोबी परिवार द्वारा बंदूकों की दम पर पीड़ित परिवार के साथ ना केवल मारपीट की गई बल्कि पुरूष वर्ग होने की अपनी अश्लील हरकत कर पीड़ित परिवार के साथ अभद्रता भी की गई जब मामले को लेकर पीड़िता पुलिस थाना अमोला पहुंची तो अमोला पुलिस ने भी उनकी फरियाद नहीं सुनी और उन्हें थाने से चलता कर दिया। जब स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो अपने व अपने परिवार की जान-माल और दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की आस लगाकर यह परिवार जिला मुख्यालय स्थित एएसपी कार्यालय पहुंचे जहां एएसपी ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

अपने शिकायती आवेदन में पीड़िता राजो बाई पत्नि दयाराम कुशवाह निवासी ग्राम मामौनीकलां ने बताया कि वह 50 वर्षों से अपने परिवार के साथ ग्राम मामौनीकलां के भूमि सर्वे नं.64/1में मकान निर्मित कर निवास कर रही थी और इस कुशवाह परिवार द्वारा बकायदा शासन के जुर्माने की राशि भी समयानुसार जमा की जाती रही बाबजूद इसके ग्राम के ही दबंग प्रभु धोबी व उसका पुत्र कल्ला धोबी द्वारा पीड़ित के परिवार पर कोई पुरूष सदस्य ना होने की अनुपस्थिति में जबरन जेसीबी चलाकर भवन तोड़ दिया और बाद में अपने पुरूष वर्ग होने के चलते अश्लील इशारे करने लगा और महिलाओं व बच्चों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। यह सब धोबी परिवार के द्वारा बंदूकों की दम पर किया गया जिससे पीड़ित परिवार भय के वातावरण में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा था और सब तहस-नहस होता हुआ नजर अपनी आंखों के सामने देखने को मजबूर हुआ। जब इस घटनाक्रम को लेकर रोजबाई अमोला थाने शिकायत करने पहुंची तो यहां पुलिस ने पीड़ित की फरियादी सुने बगैर ही उससे सादा कागज पर हस्ताक्षर कराकर उसे घर जाने की नसीहत दे दी और कहीं और शिकायत ना करने को लेकर धमकाया भी। ऐसे में जब पुलिस से भी इस पीड़ित को न्याय ना मिला तो यह पीड़िता राजोबाई अपने परिवार के साथ जिला मुख्यालय स्थित एएसपी कार्यालय पहुंची यहां एएसपी प्रवीण भूरिया को पूरा मामला बताया और न्याय की गुहार लगाई। जिस पर एएसपी ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में अमोला पुलिस को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए और पीड़िता की शिकायत पर प्रभु धोबी व कल्लू धोबी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किए जाने की बात कही।

फर्जी पट्टा कांड के मास्टरमाइंड बिन्नू श्रीवास्तव का पोहरी थाने में सरेंडर

शिवपुरी। जिले के पोहरी, बैराढ़ और शिवपुरी इलाके में 250 हेक्टेयर सरकारी भूमि को पटवारियों, तहसील, एसडीएम ऑफिस और कलेक्ट्रेट की नकल शाखा में पदस्थ बाबुओं से मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने के मामले में करीब 1 माह से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी बिन्नू उर्फ सत्यम श्रीवास्तव पुत्र नरेंद्र श्रीवास्तव उम्र 40 साल निवासी भदेरा थाना बैराड़ ने सोमवार देर रात पोहरी थाने में पहुँच कर सरेंडर कर दिया। गौरतलब है कि शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने बिन्नू श्रीवास्तव पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस टीम लगातार ग्वालियर सहित अन्य जगहों पर बिन्नू श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाया

था। पुलिस ने सोनू राठौर को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया है जबकि मास्टरमाइंड बिन्नू श्रीवास्तव फरार था जिसने आखिरकार थाना पोहरी में सरेण्डर कर दिया।

पूछताछ में हो सकता है बड़ा खुलासा- फर्जी पट्टा कांड के मास्टरमाइंड बिन्नू श्रीवास्तव के पुलिस के समक्ष सरेंडर कर देने के बाद शिवपुरी पोहरी और बैराड़ में सरकारी जमीनों के फर्जी पट्टे तैयार कर खुर्द बुर्द कर देने के मामले में पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो सकते हैंण् जिसके तार राजस्व विभाग के बड़े अधिकारियों से लेकर भोपाल तक जुड़ सकते हैं।

चार बाबू एक पटवारी अभी तक फरार- फर्जी पट्टा कांड के मास्टरमाइंड बिन्नू श्रीवास्तव द्वारा पुलिस के समक्ष सरेंडर कर देने के बाद इस मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज होते ही पोहरी एसडीएम कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड.3 प्रीतम और कैलाश बाबू कलेक्ट्रेट कार्यालय के रिकॉर्ड शाखा में पदस्थ बाबू प्रताप पुरी और जीतू निलंबित पटवारी देवेंद्र गौड़ अभी भी फरार हैं। पुलिस लगातार इनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

दिनारा पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से 70 लीटर शराब पकड़ी

शिवपुरी। एसपी द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब व अबैध हथियार धरपकड़ अभियान के अंतर्गत करैरा एसडीओपी जीडी शर्मा के निर्देशन में एसएसटी नाका पिछोर तिराहा दिनारा रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान कल्ला पुत्र पर्वत सिंह अहिरवार (जाटव) उम्र 25 वर्ष निवासी नुनवाहा थाना जिगना जिला दतिया को डिलक्स बाइक पर 70 लीटर अबैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा। तलासी में आरोपी कल्ला से एक जिंदा राउंड के साथ 315 बोर का कट्टा जप्त किया। दूसरे आरोपी से पकडी 55 लीटर अबैध शराब बरामद की गई। यह कार्यवाही दिनारा पुलिस ने मुखविर की सूचना पर अंजाम दी जिस पर जानकारी मिली कि पुराना दिनारा तालाव के पास से आरोपी प्रशांत उर्फ कल्ली पुत्र वालचंद्र जाटव उम्र 22 साल निवासी रौनीजा को दो प्लास्टिक की कैनो में भरे 55 लीटर अबैध कही ले जाने की फिराक में खडा था। जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया। उक्त कार्यवाही में दिनारा थाना प्रभारी दिनारा रिपुदमन सिंह राजावत, एसआई श्रीमती कोमल सिंह परिहार, एएसआई सोवरन सिंह सिसौदिया, योगेन्द्र सिंह राणा, संजय भगत, प्रधान आरक्षक राधाक्रष्ण शर्मा, आरक्षक मनोज यादव, पीकेश, आशीष शर्मा, पुष्पेन्द्र चौहान, मनीष, धर्मेन्द्र लोधी, मृत्युन्जय, रामवीर, दीपेंद्र गुर्जर, अरविंद मांझी की सराहनीय भूमिका रही।

अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

शिवपुरी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय शिवपुरी ने अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपी अजय पुरी को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000 के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में पैरवी अभियोजन अधिकारी कल्पना गुप्ता के द्वारा की गई। शिवपुरी मीडिया सेल प्रभारी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि बीती 07.04.20 को प्रधान आरक्षक कप्तान सिंह गुर्जर थाना सिरसौद में मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर गश्त बल के साथ ठर्रा तिराहा पहुंचे जहां पर एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लिए भागा जिसे गश्त बल के साथ घेरकर पकड़ा गया एवं एवं उक्त व्यक्ति के कट्टे की तलाशी लेने पर 10 क्वाटर प्लेन शराब, 08 क्वाटर देशी मसाला एवं 01 क्वाटर अंग्रेजी गोवा व दो वीयर बरामद हुयी। पूछताछ के दौरान उस व्यटक्ति ने अपना नाम अजय पुरी निवासी ठर्रा होना बताया। साक्षियों के समक्ष उक्त शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त आशय की रिपोर्ट थाना सिरसौद ने अपराध क्रमांक 56/2020 धारा 34(1) आबकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुपत किया गया। अभियोजन अधिकारी की विधिक दलीलों के आधार पर आरोपी अजय पुरी को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000 के अर्थदण्ड से दंडित किया।

महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले को जमानत निरस्त कर भेजा जेल

शिवपुरी। जीएमएफसी न्यायालय करेरा ने महिला के साथ छेड़खानी वह मारपीट करने वाले आरोपी जितेंद्र उर्फजीतू का जमानती आवेदन निरस्त कर को जेल भेजा उक्त प्रकरण में पैरवी श्रीमती सोनल गुप्ता द्वारा की गई। शिवपुरी मीडिया सेल प्रभारी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि पुलिस थाना दिनारा के अपराध क्रमांक 262৳20 की प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 29 ण्9ण्20 को दिन में करीब 12 बजे पीता कुआं पर गाय को पानी पिला रही थी तभी पीछे से अभी युक्त आया और पीड़ीता के दोनों हाथ पकड़ कर मंरोड दिए व पीडि़ता को जमीन पर पटक कर बुरी नियत से उसके ऊपर चल गया साथ ही पीड़ीता को गंदी गंदी गालियां दी ब पीडी़ता के दाहिने पैर में लात मारी और एक घटना में पीडि़ता के शरीर पर चोटे आई पीड़ीता के कथन अनुसार आरोपी पर लज्जा भंग का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र को जमानत आवेदन निरस्त कर जेल भेजने का आदेश दिया।

हत्या के आरोप में फरार तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

शिवपुरी। बीती 25.09.20 को फरियादी लक्ष्मीकांत पुत्र रामेश्वर शर्मा उम्र 50 साल निवासी ग्राम सीहोर की रिपोर्ट पर से आरोपीगण लखनलाल शर्मा, रामजीत शर्मा, गिर्राज शर्मा, नरहरी शर्मा, रामकुमार शर्मा, विशंभर शर्मा, जागेंद्र शर्मा निवासीगण सीहोर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 131/20 धारा 307,302,147,148,149, 294, 323, 324 आईपीसी का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी करेरा जीडी शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीहोर उनि राजवीर सिंह गुर्जर को फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए, जिस पर से उक्त हत्या के अपराध में फरार आरोपी गिर्राज शर्मा पुत्र नरहरि शर्मा उम्र 24 सालए जागेंद्र पुत्र रामकुमार शर्मा उम्र 22 साल, लखनलाल पुत्र नाथूराम शर्मा उम्र 33 साल निवासी ग्राम सीहोर को मुखबिर सूचना पर मंगलवार को ग्राम बिची के जंगल सिद्ध की झाड़ी के पीछे से घेरा डालकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को आज दिनांक माननीय न्यायालय पेश किया गयाए जहां से माननीय न्यायालय के आदेश पर अरोपियों को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सीहोर उनि राजवीर सिंह गुर्जर, आरक्षक अर्जुन रावत, अरूण कुशवाह, राजवीर, पवनपुरी, माधौ सिंह, दीपक मांझी, शिवराज यादव और सैनिक हनुमंत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

लापरवाही के दंश ने ले ली मासूम की जान

एक दिन में ही प्रसूता को दे दी अस्पताल से छुट्टी, सीएमएचओ ने कहा जाच कर करेंगे कार्यवाही

शिवपुरी। जिले के लुकवासा में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र की भारी लापरवाही सामने आई है जिसकी बजह से एक नवजात की मौत हो गई। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से जननी एक्सप्रेस का चालक जब एक प्रसूता को घर छोड़ने जा रहा था परन्तु जननी एक्सप्रेस का ड्राइवर उसे घर न छोड़ते हुए प्रसूता दो किलोमीटर पहले ही उताकर चला गया। लाचार प्रसूता दो किलोमीटर नवजात को अपने साथ लेकर पैदल घर पहुंची। जहां उसने नवजात को देखा तो उसमें कोई भी प्रकार की हरकत नहीं दिखाई दे रही थी जिसे वह पुन: स्वास्थ केंद्र पहुची जहाँ नवजात को मृत बता दिया गया। वहीं महिला के पति ने चालक पर 700 रुपए वसूलने के आरोप लगाए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

जानकारी के अनुसार फूलबाई उम्र 28 पत्नी सुआलाल अदिवासी निवासी ग्राम ऊदली को प्राथमिक अस्पताल लुकवासा प्रसव के लिए भर्ती कराया था। चार अक्टूबर को सामान्य प्रसव से नवजात बच्ची को जन्म दिया। डिलेवरी के 12 घंटे बाद सुआलाल ने अस्पताल की नर्स से बातचीत कर छुट्टी करने की बात कही। जच्चा.बच्चा स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी। घर जाने के लिए डायल 108 पर कॉल करके जननी एक्सप्रेस बुलवा ली। लेकिन जननी एक्सप्रेस का चालाक ऊदली गांव से 2 किमी पहले ही जंगल में बीच रास्ते पर उतारकर चला गया। प्रसूता अपनी नवजात बच्ची को लेकर 2 किमी पैदल चलकर गांव पहुंची। बच्ची के शरीर में हलचल नहीं होने पर वापस लुकवासा अस्पताल पहुंची। यहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। प्रसूता के पति सुआलाल आदिवासी का कहना है कि खेतीबाड़ी का समय चल रहा है। इसलिए हमने खुद ही कहकर छुट्टी करा ली थी। जननी एक्सप्रेस का चालक आया और घर तक छोड़ने के एवज में 700 रुपए मांगे। किसी तरह घर तक सुरक्षित पहुंच जाएं, इसलिए उसे सात सौ रुपए दे दिए। सुआलाल के मुताबिक जननी एक्सप्रेस का चालक हमें गांव से 2 किमी पहले ही रास्ते में उतारकर चला गया। हवा लगने से बच्ची की मौत हो गई। जननी एक्सप्रेस के चालक का नाम सुनील जाटव बताया जा रहा है।

इनका कहना है-

लुकवासा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से मामला सामने आया जिसमे प्रसूता को मात्र एक दिन में छुट्टी दी गई सबसे पहले इसकी जांच की जाएगी की किस के निर्देश पर प्रसूता को मात्र एक दिन बाद ही छुट्टी दी गई जबकि नियम अनुसार तीन दिन बाद छुट्टी दी जाती है जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर व संबंधित स्टॉफ के नाम मंगाए गए है जिसमे कार्यवाही की जाएगी।

डॉ अर्जुन लाल शर्मा
सीएमएचओ शिवपुरी

नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित

शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने विधानसभा उपनिर्वाचन में कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। मंगलवार को बैठक आयोजित कर उन्होंने सभी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं सभी उसका निर्वहन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा सहित संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह द्वारा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न दलों का प्रशिक्षण, स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान, एमसीएमसी, मतदान केंद्रों पर तैयारियां आदि के संबंध में चर्चा की गयी और कहा कि कर्मचारियों का प्रशिक्षण सही ढंग से कराया जाए जिससे किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। मतदान अति महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए सभी इसे गंभीरता से लें। उन्होंने कहा है कि आयोग द्वारा समय समय पर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन दिशा निर्देशों का अध्ययन करें और नियमानुसार कार्यवाही करें।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं फातमा बानो (PHATAMA BANO) पुत्री श्री अब्दुल खान सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा बचपन का बोलता नाम फात्मा खान (FATMA KHAN) है जो मेरी UTI MUTUAL FUND के शैयरों एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम लिखा गया है जबकि मैं वर्तमान में फातमा बानो (PHATAMA BANO) पुत्री श्री अब्दुल खान के नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ तथा भविष्य में भी मैं इसी नाम फातमा बानो (PHATAMA BANO) पुत्री श्री अब्दुल खान के नाम से ही जानी, पहचानी एवं पुकारी जाऊंगी तथा हस्ताक्षर करती रहूँगी। अतः मेरी UTI MUTUAL FUND के शैयरों एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम फात्मा खान (FATMA KHAN) के स्थान पर फातमा बानो (PHATAMA BANO) लिखा जाये एवं पढ़ा जाये। आमजन एवं सर्वजन सूचित हों।

पुराना नाम- फात्मा खान
नया नाम
फातमा बानो
पुत्री श्री अब्दुल खान
निवासी- वार्ड नं.14, डाक खान मार्ग, जौरा, मुरैना (म.प्र.)

सरपंच सहित 8 लोगों पर दर्ज है हत्या का मामला और पुलिस नहीं कर रही हत्यारों पर कार्यवाही

आरोपियों के गिरफ्तार न होने से भयभीत है पीड़ित परिवार

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के पिछोर में बीती 18 सितम्बर को रामकिशन पुत्र शोभारम यादव निवासी ग्राम हाटा थाना मायापुर तहसील खनियाधाना की ग्राम के ही सरपंच विशाल सहित 8 लोगों रामराजा, जयसिंह, बलवीर पुत्रगण रामनाथ यादव एवं राजकुमार तथा बुन्देल, झब्बा पुत्रगण रामराजा यादव, जितेन्द्र, छोटू पुत्रगण विशाल के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है लेकिन घटना के बाद करीब 20 दिनों के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया और पीड़ित परिवार को वह आए दिन बंदूकों की दम पर डरा-धमका कर मामले में राजीनामे का दबाब बना रहे है और पीड़िता की फसल पर जबरन कब्जा कर उन्हें खेत तक भी नहीं पहुंचने दे रहे। इससे आहत पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की

गुहार लगाते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

जिला मुख्यालय पर आए पीड़ित परिवार मृतक रामकिशन के बड़े भाई सीताराम पुत्र शोभाराम यादव निवासी ग्राम हाटाा थाना मायापुर तहसील खनियाधाना ने बताया कि बीती 18 सितम्बर को उनके भाई रामकिशन की हत्या ग्राम के ही विशाल व उसके परिजनों ने ही कर दी थी और इस मामले में पुलिस ने धारा 302 के तहत एफआईआर भी दर्ज कर ली लेकिन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे पीड़ित परिवार अपने घर-व खेत पर नहीं पहुंच पा रहा है क्योंकि पीड़ित परिवार फसल के द्वारा ही अपने घर-परिवार का लालन-पालन करते है लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से पीड़िता व उसके परिजनों में पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति रोष व्याप्त है। यही कारण है कि अपनी इस समस्या को लेकर वह जिला मुख्यालय आए और पुलिस अधीक्षक से मामले में उचित कार्यवाही की मांग कर आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी की गुहार लगाई। पीड़िता सीताराम यादव ने पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर को भी शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में पीड़िताओं के अनुसार बुन्देल सिंह एवं जगभान सिंह का नाम एफआईआर में जोड़ने को लेकर छोड़ दिया था इसलिए इनका भी एफआईआर में दर्ज कराए जाने की मांग भी की। इसके अलावा अब आरोपीगण पीड़ित परिवार पर बंदूक की नोंक पर राजीनामे का दबाब भी बना रहे है और इससे यह परिवार अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

दस दिन चला मंडी कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त, सीएम ने दिया आश्वासन

शिवपुरी। पिछले 10 दिनों से वेतन भुगतान परेशानी और मॉडल एक्ट को लेकर चले आ रहे विरोध प्रदर्शन का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। मंडी कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव श्रीमन जायसवाल ने बताया कि संगठन नेताओं के साथ भोपाल में हुई बैठक के दौरान निर्णय हुआ कि आचार संहिता के बाद कर्मचारियों की समस्या समाधान पर चर्चा होगी। इसलिए कर्मचारी संगठन ने इस आश्वासन के बाद अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को वापस ले ली। मंडी कर्मचारी और संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा बीती 25 सितंबर से अनिश्चितकालीन हडताल शुरु की थी और 2 अक्टूबर से भूख हडताल और अनशन का क्रम शुरु कर दिया था। रविवार को भी इन कर्मचारियों का अनशन क्रम जारी रहा। मंडी सचिव आरपी सिंह, संगठन के प्रदेश सचिव श्रीमन जायसवाल, एकता संघ के प्रांतीय सचिव, संतोष नटेरिया, उपयंत्री ब्रजेश शर्मा, लक्ष्मण वर्मा, दयाराम कोली, जूली रघुवंशी और अन्य कर्मचारियों ने इस प्रदर्शन में भागीदारी की।

पूर्व विधानसभा की आईटी और सोशल मीडिया की कार्यशाला आयोजित

ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा के आईटी और सोशल मीडिया के सेक्टर प्रभारीओं की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यालय में प्रदेश संयोजक श्री शिवराज सिंह डाबी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कांग्रेस के झूठे प्रचार का जवाब हमें तत्परता से तथ्यों और तर्कों के साथ देना है। युद्ध काल का समय है हमे चौबीस घंटे सतर्क रहकर भाजपा की विचारधारा और विकास के कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने में सतत कार्य करते रहना है। इस कार्यशाला में जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी , श्री जयप्रकाश राजोरिया, डॉ हरिमोहन पुरोहित जी ,श्री अभिनंदन त्यागी , श्री मनीष दीक्षित , श्री श्यामांनन्द शुक्ला, श्री सुभाष शर्मा , श्री मयंक महाजन , श्री दिनेश शर्मा जी , श्री बनोरिया जी , श्री कुलदीप जी उपस्थित रहे। ग्वलियर पूर्व विधानसभा के मण्डल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व राश्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री झा द्वारा किया गया।

बरैया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

ग्वालियर। अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व समस्त सवर्ण समाज संगठनों द्वारा कांग्रेस पार्टी के भाण्डेर विधानसभा प्रत्याशी फूल सिंह बरैया द्वारा दिये गये अमर्यादित सार्वजनिक बयानों पर राज्यपाल के नाम कलेक्टर ग्वालियर को ज्ञापन सौपा गया तथा मांग की गयी कि बरैया पर जल्द से जल्द आपराधिक प्रकरण दर्ज कर चुनाव रद्द किया जाये। इससे पूर्व भी इन संगठनों ने बरैया का पुतला दहन कर विरोध किया था तथा कार्यवाही की मांग की गयी थी। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्राम्हण महासभा प्रदेश अध्यक्ष पं केडी सोनकिया, प्रदेश प्रवक्ता पं रामवरण शास्त्री, प्रदेश सचिव राजीव दुबे, संगठन महामंत्री पं राजीव पस्तोर, संभागीय अध्यक्ष पं मनोज दुबे, संभागीय उपाध्यक्ष पं रामदास मिश्रा, जिलाध्यक्ष पं विनोद तिवारी, अमरीश शर्मा, जितेन्द्र खेमरिया, पं ग्याराम शर्मा, क्षत्रिय महासभा के महामंत्री महेन्द्र सिंह, वीरू सिंह राजावत, ओमकार सिंह राजावत एवं सवर्ण समाज के वरिष्ठजन युवा सम्मलित हुये।

एसएन सक्सेना सम्मानित

ग्वालियर। आज 2 मिनिट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा समर्पण द्वारा एस एन सक्सेना का स्वागत व सम्मान कोरोना वॉरियर्स के रूप में किया गया। आप सिम्स हॉस्पिटल में प्रशासकीय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था संस्थापक व प्रान्तीय संगठन मंत्री संजय धवन, अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, बसंत कुरेले, सतीश राजौरिया, शिवहरे, बी के मिश्रा, कमल गुप्ता, मनोज संतवानी, महेश अग्रवाल, महेश धीमान आदि उपस्थित रहे । संचालन गिरीश अग्रवाल द्वारा व आभार प्रदर्शन संजय धवन द्वारा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी व सचिव प्रदीप लक्षणे द्वारा दी गयी है।

राष्ट्रीय महिला सम्मेलन जूम एप पर 10 को

ग्वालियर। जैन महिला शक्तिकरण का भारतबर्ष की सकल जैन समाज की महिलाओं का भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महिला समेलन जूम एप पर10 अ को दोपहर 2ः30 बजे से 4ः30 बजे तक आयोजित किया जाएगा! समेलन का जूम यू टुयब के माध्यम से प्रसारण होगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि राष्ट्रीय जैन महिला समेलन कार्यक्रम की मुख्यवक्ता परम विदुषी लेखिका गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी के मंगल उदबोधन व आर्शीवचन द्वारा महिलाओं को विभिन्न संर्दभों पर व्यक्तकरेंगी। आचार्यश्री विद्या सागर महाराज की संघस्थ ब्रह्मचारिणी बहन सविता दीदी द्वारा महिलाओं में शक्तिकरण धर्म की आधार भूत धरा पर संबोधित करेंगी। कार्यकम आयोजक भारतीय जैन मिलन की महिला शक्ति वीरांगना शीला जैन राष्ट्रीय महिला चेयरपर्सन एवं वीरांगना सुनैना जैन राष्ट्रीय मुख्यय संयोजिका ने सकल जैन समाज की महिलाओं से इस कार्यक्रम मै शामिल होने की अपील की है। सम्मेलन में विशेष कार्यक्रम में नृत्य नाटिका समाजतीय विवाह एवं जनगणना तथा धर्म के माध्यम से कोरोना डिप्रेशन से बचाव पर वक्ता श्रीमती प्रणिता जैन गुना द्वारा जानकारी देगी। इस महिलासमेलन में पूरे भारतबर्ष में अलग अलग क्षेत्रों की 19 महिलाओं का उनके विशिष्ट कार्यो के लिए महिला सम्मान किया जायेगा!

मंगलवार को निकले कोरोना के नये 74 मरीज, दो की मौत

विशेष संवाददाता

ग्वालियर। आज मंगलवार को कोरोना मरीजों की संख्या कल से ज्यादा हो गई है। कई दिनों से कोरोना के नये मरीजों की संख्या एक सैकड़ा से नीचे ही आ रही है। आज 74 नये मरीज निकल आये। जबकि दो कोरोना मरीजों की मौत हो गई। आज नये 74 कोरोना पॉजेटिव मरीज निकले हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

आज मंगलवार को 74 नये कोरोना पॉजेटिव मरीज निकले हैं। यह मरीज भी रात को 8 बजे तक के सेम्पलों की जांच के बाद निकले हैं। देर रात को नये कोरोना पॉजेटिव मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। दो मरीजों की आज मौत हो गई। मृतकों के नाम विनोद उम्र 47 साल निवासी गोले का मंदिर ग्वालियर व एक अन्य मरीज जगदीश उम्र 69 साल निवासी सीबी कॉलोनी ग्वालियर बताये गये हैं। इन नये 74 मरीजों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। इसके साथ कोरोना से अब तक मरने वाले मरीजों की संख्या 142 हो गई है। आज इन क्षेत्रों में निकले कोरोना के नये मरीज पवनसुत कॉलोनी, प्रेम नगर, हुरावली कॉलोनी, पड़ाव पुल, गंधीपुरा पनिहार, त्रिमूति नगर, 14 बटालियन, गोले का मंदिर, आदित्यपुरम, ललितपुर कॉलोनी, विवेक नगर, सीनियर गर्ल्स हॉस्टल जेएएच, नितिन नगर थाटीपुर, विवेक नगर, नाका चन्द्रवदनी, शताब्दीपुरम, भारत टॉकीज के पास शिन्दे की छावनी, रामदास घाटी, घासमंडी, आनंद नगर, दीनदयाल नगर, जम्बूर खाना, नई सड़क, बहोड़ापुर, 13 बटालियन, शील नगर, ओल्ड हाईकोर्ट के पास, बहोड़ापुर, कैलाश विहार, न्यू विवेकानंद कॉलोनी, सिल्वर स्टेट, वीरपुर, गिरवाई, मामा का बाजार, होटल एंबीयंस आदि क्षेत्र के रहने वाले बताये गये हैं। हॉस्पीटल रोड स्थित श्रीब्लड बेंक में बनेगा प्लाज्मा बैंक। बुधवार 7 अक्टूबर को होगा प्लाज्मा बैंक का उदघाटन।

इस बार 90 मिनट पहले होगा मॉकपोल, मतदान का समय भी बढ़ा

ग्वालियर। इस बार के चुनाव में मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मॉकपोल होगा। पहले 45 मिनट पहले मॉकपोल होता था। मतदान का समय भी बढ़ाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के समय में एक घंटे का इजाफा किया गया है। विधानसभा उप चुनाव कार्यक्रम के तहत 3 नवम्बर को सुबह 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक मतदान होगा। पहले शाम 5 बजे तक मतदान होता था। इस आशय की जानकारी मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कोविड गाइडलाइन के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हुआ। यहाँ भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण के पहले दिन करीबन 1305 अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान संबंधी सम्पूर्ण बारीकियां विस्तारपूर्वक बताई गई । पहले दिन दो सत्रों में प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

प्रथम चरण के प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 को प्रशिक्षित किया गया है । इस प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को खास तौर पर ई.व्ही.एम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) अर्थात बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट के बारे में तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण विस्तार से दिया जा रहा है। साथ ही वीवीपैट के काम करने की प्रक्रिया भी मतदान दलों को समझाई जा रही है।

आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

ग्वालियर। कर्ज से परेशान होकर ही एक युवक फांसी लगाकर मरने जा रहा था तभी परिजनों ने देख लिया और एफआरबी को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों ने युवक को फांसी लगाकर आत्महत्या करने से बचा लिया! जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा प्राइवेट नौकरी करता था ! लॉकडाउन के दौरान उसे काफी कर्जा हो गया था जिसके कारण घरवालों से झगड़ा होता रहता था 2 दिन पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी! जिस से दुखी होकर नरेंद्र स्वयं को घर के कमरे में बंद कर लिया! परिजनों ने जो कमरे में झांक कर देखा तो नरेंद्र फांसी का फंदा बना रहा था! यह देखते ही परिजनों ने एफआरबी को सूचना दे दी तभी एफआरपी पर तैनात जवान श्याम और देशराज तथा पायलट भगवान सिंह मौके पर आ गए और कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को फांसी पर लटकने से बचा लिया!

ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी घायल

ग्वालियर। शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित शिवपुरी लिंक रोड पर बेटे से मिलकर बाइक से जा रहे पति पत्नी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी घायल हो गई! पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी रिटायर्ड शिक्षक भारत सिंह अपनी पत्नी मनोरमा के साथ बेटे से मिलने भितरवार आए थे पति-पत्नी दोनों बेटे से मिलकर जब मुरैना वापस जा रहे थे तभी शिवपुरी लिंक रोड पर एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी हादसे में भरत की मौके पर ही मौत हो गई और मनोरमा घायल हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है!

शोरूम मालिक को मैनेजर और अकाउंटेंट ने लगाया 16 लाख का चूना

ग्वालियर। शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र के टीवी मोड में स्थित टाटा आई प्लस शोरूम के मालिक को उनके मैनेजर और अकाउंटेंट ने फर्जी बिलों के आधार पर 16 लाख का चूना लगा दिया पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी नवल मूंदड़ा कारोबारी हैं उनका ग्वालियर में डीबी मॉल में टाटा आई प्लस के नाम से शोरूम है! शोरूम में मैनेजर हेमंत उपाध्याय और अकाउंटेंट स्वाति साहू काम करते हैं! पिछले दिनों जब नवल मूंदड़ा ने अपने शोरूम के कारोबार का हिसाब किताब मिलाया तो उसमें 16 लाख 10 हजार ?635 की गड़बड़ी मिली! बाद में पता चला कि शोरूम के मैनेजर हेमंत उपाध्याय और अकाउंटेंट स्वाति साहू ने बिलों में हेराफेरी कर उक्त राशि का गबन किया है इसके बाद शोरूम संचालक ने पड़ाव थाने में लिखित शिकायती आवेदन दिया पुलिस ने जांच के बाद मैनेजर और अकाउंटेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है!

वृद्धा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ग्वालियर। शहर के इंदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित सूबे की गोठ मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक से वापस लौट कर आई एक वृद्धा ने अपने घर की किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार इंदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित सूबे की गोठ निवासी शारदा देवी 60 साल पत्नी स्वर्गीय द्वारका बाथम मंगलवार की सुबह रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक कर वापस घर लौटी! कुछ देर बाद उनका पड़ोसी किसी काम से आया तो देखा शारदा देवी का शव घर की किचन में फांसी पर लटका हुआ था घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

लायंस क्लब द्वारा प्लाजमा डोनेशन शिविर आज

ग्वालियर। लॉयन्स क्लब ऑफ ग्वालियर द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत अँटी बॉडी चेकअप एवं प्लाज़्मा डोनेशन कैंप आयोजित किया गया मेरा सभी सक्षम और सक्रिय मेम्बर्स से अनुरोध है, कि जो कोरोना से स्वस्थ हो चुके है वो अपना प्लाज़्मा दान कर सकते है और अपने पहचान वाले व्यक्तियों से जो कोरोना से स्वस्थ हो चुके है उनसे भी प्लाजमा दान करावें ताकि महामारी के इस काल में ज्यादा से ज्यादा जन सेवा हो सके दिनांक 7 अक्टूबर बुधवार समय सुबह 11 बजेस्थान जे ए एच हॉस्पिटल (कैंपस) ब्लड बैंक इंचार्ज वाइस प्रेसीडेंट क्ल्ब्ड्ढ लॉयन राकेशअग्रवाल कार्यक्रम संयोजक लॉयन राम सारडा सम्पर्क करने के लिए लाइयन अंकित माहेश्वरी -9425111670, लाइयन रामकरन पारीक-9425109586, लाइयन राकेश अग्रवाल 9425690909, लाइयन राम सारदा - 9425112121 सभी लॉयन साथियों से निवेदन है इस सेवा कार्य में समय पर उपस्थित हो कर सेवा कार्य का हिस्सा बनकर लाभ लेंवे।

हथियार सहित बदमाश गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

ग्वालियर। बिजौली थाना पुलिस ने एक फरारी ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर उससे अवैध हथियार व कारतूस भी बरामद कर लिये हैं। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के मागदर्शन में बिजौली थाना पुलिस ने उक्त बदमाश को पकड़ा व उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी बिजौली उनि साधना सिंह को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में रामाम ढौरिपुर ताल व केशवपुर के बीच पुलिया के पास खडा है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी बिजौली द्वारा मय पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर उक्त बदमाश को गिरस्तार कर लिया। पूछताछ करने पर बदमाश ने अपना नाम सोनू सिंह पुत्र सिंद्दार सिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ढौरपुर

ताल थाना बिजौली बताया। तलाशी लेने पर सोनु सिंह के कब्जे से 315 बोर का 1 कट्टा मय 2 जिंदा राउण्ड जप्त किये। बदमाश सोनु के विरुद्ध अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना के न्यायालय के धारा 392 ताहि 11-13 डकैत अधिनियम के अंतर्गत तथा न्यायालय मेहगाँव जिला भिण्ड के धारा 457-380 ताहि में वर्य 2019 से स्थाई वारन्ट जारी है। बदमाश सोनु सिंह पर पूर्व में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के द्वारा 04 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था तथा थाना रौन जिला भिण्ड पुलिस द्वारा डकै ती की योजना बनाते वर्य 2019 में गिरफ्तार किया था। उकत बदमाश पर ग्वालियर ए व अन्य जिलों मे भी अपरातध पंजीबद्ध है। थाना बिजौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार बदमाश के विरूद्ध आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनसे अवैध हथियार के संबंध में सख्ती से पूछताछ की जा रही है। बदमाश को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी उनि साधना सिंह, आरक्षक वीर सिंह सिकरवार, नरेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, हरवीर यादव, नवीन कुमार एव आरक्षक चालक नीरज की सराहनीय भूमिका रही है।

अजा और जजा को नहीं मिल रहा है योजनाओं का लाभ

ग्वालियर। प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण हेतु एक मंत्रालय का गठन किया था इस मंत्रालय का उद्देश्य था कि अनुसूचित जाति जनजाति और आदिवासी वर्ग को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले और शासन के द्वारा इनके उत्थान के लिए खर्च की जाने वाली राशि का सही उपयोग हो लेकिन सरकार अपने इस उद्देश्य में पूरी तरह से सफल नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत से अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण हेतु खर्च की जाने वाली राशि में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र चतुर्वेदी ने लगाया है। श्री चतुर्वेदी ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा

के दौरान बताया कि वर्तमान में इस मंत्रालय का प्रभार मीना सिंह के पास है और इस विभाग की प्रमुख सचिव आईएएस पल्लवी जैन गोविल हैं। प्रदेश सरकार किस मंत्रालय को प्रतिवर्ष भारी-भरकम बजट मिलता है लेकिन यह राशि सही मद में खर्च नहीं हो पा रही है और अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोग आज भी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भटक रहे हैं। इस विभाग में कितना भ्रष्टाचार है इसका खुलासा सीएजी की रिपोर्ट 2017-18 में हुआ है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की स्थापना 1994 में एक बड़े जनहित के उद्देश्य से हुई थी। सीएजी रिपोर्ट 2017 -2018 यहां प्रदेश सरकार द्वारा 36 करोड़ 18 लाख की पेड अप कैपिटल दी गई है, इक्विटी ऋण और ग्रांट के मद में यहां राज्य सरकार से करीब 125 करोड़ की मदद मिली हुई है। यह पैसा प्रदेश की जनता का है और ये कहां कैसे खर्च हुआ यह जानने का हक प्रदेश की तमाम टैक्स पेयर्स जनता और खासतौर पर अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों का है।

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि एक रिपोर्ट संलग्न की है जो मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से मिला है। उसके अनुसार 2007 के बाद से कभी भी यहां बहीखाते एकाउंट्स नहीं बने है। राज्य सरकार ने इसकी कोई जानकारी मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, इनकम टैक्स, रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज को नहीं दी है। 2007के डेटा के अनुसार कोई रघुवीर श्रीवास्तव इसके निदेशक थे और अन्य कोई निदेशक यहां नियुक्त नहीं है। कम्पनीज एक्ट 2013 के अनुसार अब तक इस निगम को बंद हो जाना चाहिए था और यदि कानूनन कार्यवाही होती है तो प्रमुख सचिव और जिम्मेदार अधिकारी कई साल जेल में भी गुजार सकते है।

अपहरण के झूठे केस में फसाने की अधिकारियों से जांच कराने की मांग की

ग्वालियर। श्रीमती जागृति पत्नी कमल किशोर राजोरिया निवासी सिंधिया नगर मरघट पहाड़िया विवेकानंद निगम के पास थाना क्षेत्र विश्वविद्यालय ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पुरानी रंजिश के चलते आदतन प्रवृत्ति के अपराधी अमर सिंह दीवान सिंह रामनरेश तथा मालती पत्नी फेरन जाटव द्वारा मेरे देवर हरि सिंह तथा भांजे रवि को झूठे केस में कसाना चाहते हैं प्रेस को दी जानकारी में बताया गया है कि 13 अगस्त को अमर सिंह अमरू उसका भतीजा दीवान सिंह एवं भावी मालती साला रामेश्वर जोकि काकर थाना भितरवार जिला ग्वालियर में रहते हैं अमर सिंह ने अपने भाई फेरन को हमारे विरोधियों से सांठगांठ कर कहीं गुप्त स्थान पर भिजवा दिया गया है और अपने भाई के झूठे अपहरण के केस में मेरे देवर एवं भांजे को फसाना चाहते हैं जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों से मांग करती हूं कि निष्पक्ष जांच कराई जाए जिससे न्याय मिल सके।

राज्यसभा सांसद सिंधिया 8 से 4 दिवसीय ग्वालियर-चंबल संभाग के दौरे पर रहेंगे

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद श्रीमान् ज्योतिरादित्य सिंधिया 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक ग्वालियर चंबल संभाग के दौरे पर रहेंगे। श्री सिंधिया 4 दिवसीय प्रवास के दौरान ग्वालियर चंबल संभाग की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित भाजपा के मंडल संम्मेलनों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को दिनांक 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे ग्वालियर आयेंगे ग्वालियर से प्रातः 10:15 पर जिगनी के लिए प्रस्थान करेंगे। उसके बाद 2:00 बजे मुरैना पोलिंग बूथ सम्मेलन

में सम्मिलित होगें। उसके पश्चात श्री सिंधिया मुरैना से 4 बजे प्रस्थान करेंगे। श्री सिंधिया जी 4:30 बजे सुमावली बूथ समिति सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। 6:30 बजे सुमावली से प्रस्थान करेंगे और ग्वालियर आकर रात्रि विश्राम करेंगे।

श्री सिंधिया जी दिनांक 9 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे ग्वालियर से पोरसा के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिंधिया 11:15 पर पोरसा बूथ समिति सम्मेलन में सम्मिलित होंगे और 1:15 बजे पर पोरसा से गोरमी के लिए प्रस्थान करेंगे, श्री सिंधिया 2:15 पर गोरमी बूथ समिति सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। उसके पश्चात् श्री सिंधिया 4:15 बजे पर वे गोरमी से मौः के लिए प्रस्थान करेंगे। फ्रि 5 बजे पर श्री सिंधिया जी मौः पोलिंग बूथ समिति सम्मेलन में सम्मिलित होंगे और 7 बजे मौः से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात् वे 8 बजे से ग्वालियर आकर विश्राम करेंगे।

उमरे का संरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन पर बल

➢ महत्वपूर्ण कार्यों को किया पूरा ➢ बिरलानगर रायरू ओवरब्रिज कार्य पूर्ण

ग्वालियर। ट्रेन संचालन में संरक्षा और दक्षता बढ़ाने के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे निरंतर प्रयासरत है। 130 किमी प्रति घंटे की गति के मुख्य मार्गों वाले उच्चतम धनत्व के नेटवर्क और यातायात की उच्च मात्रा के दृष्टिगत संरक्षायुक्त और निर्बाध ट्रेन संचालन उत्तर मध्य रेलवे के तीनो मण्डलों के लिए अति महत्वपूर्ण है।

सड़क उपयोगकर्ताओं की संरक्षा बढ़ाने के लिए सितंबर 2020 में 03 मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया है और, चालू वित्त वर्ष में अब तक 18 लेवल क्रॉसिंगो को बंद किया जा चुका है। प्रयागराज- पं दीन दयाल उपाध्याय खण्ड के समपार स. 123 पर एक रोड ओवर ब्रिज की कमिशनिंग के साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में कुल 04 रोड ओवर ब्रिज के कार्य पूरे किये जा चुके हैं। झांसी मण्डल के सांक-मुरैना खंड पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं 445 को सिग्नल के साथ इंटरलॉक किया गया है; वित्त वर्ष 2020-21 में अब तक 05 गेटों को इंटरलॉक किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गेट बंद होने के बाद ही ट्रेन का सिग्नल लोअर हो। सितंबर -2020 के दौरान, झांसी मण्डल के बिरलानगर रायरू खंड में रोड ओवर ब्रिज स. 426 पर 300 मीटर से अधिक वजन वाले 42 मीटर स्पैन के बो स्टिंग गर्डर लॉन्च करने का एक बड़ा काम सफलतापूर्वक किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे पर ट्रैक संरक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और सितंबर 20 में किए गए 53 ट्रैक किलोमीटर का ट्रैक नवीकरण के साथ कुल 193 ट्रैक किलोमीटर टीआरआर (प्राथमिक) का कार्य 2020-21 में सितंबर तक पूरा किया गया है। प्वाइंटों और क्रॉसिंग ज़ोन पर ट्रेनों की संरक्षा और गति बढ़ाने के लिए, सितंबर 2020 में 06 थिक वेब स्विच स्थापित किए गए हैं और वित्त वर्ष 2020-21 में अब तक 15 थिक वेब स्विच कमीशन किए गए हैं। कोविड -19 के स्थिति के बावजूद अन्य सभी संरक्षा संबंधी ट्रैक रखरखाव कार्यों का निष्पादन भी रेलवे बोर्ड के सितंबर -20 के लक्ष्य से ऊपर रहा है।

ललितपुर और खजुराहो स्टेशनों के मध्य पहले रनिंग लूप में ट्रेनों के तीव्र आगमन और प्रस्थान के लिये गतिसीमा 15 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 30 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। यात्रियों की संरक्षा के दृष्टिगत कनवार स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज को सितंबर में कमीशन कर दिया गया और अब तक मौजूदा वित्तीय वर्ष में 04 नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा चुका है। सितम्बर 2020 में 03 खंडों में ब्लॉक प्रोविंग एक्सल काउंटर्स की स्थापना के साथ ही प्रयागराज - फतेहपुर खण्ड पूर्ण रूप से से युक्त हो चुका है, जिससे अब स्टेशन पर ट्रेन के संरक्षित आगमन की स्वचालित पुष्टि सुनिश्चित हो सकेगी।

माल ट्रैफिक संचालन के लिए 163 रूट उपलब्ध- यात्री गाड़ियों के कुशल संचालन की दिशा में एक प्रमुख कार्य को पूरा करते हुये हरदुआगंज में पैनल इंटरलॉकिंग (पीआई) की स्थापना का कार्य 14.09.20 को पूर्ण किया गया, जिसमें हरदुआगंज यार्ड में अतिरिक्त लाइन स. 9 और 10 के साथ अल्ट्राटेक सीमेंट साइडिंग का प्रावधान भी है। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने के साथ ही एनटीपीसी, अल्ट्राटेक और अन्य उद्योगों के लिए माल ट्रैफिक के कुशल संचालन के लिए पहले के 117 रूटों के स्थान पर इस प्रमुख यार्ड में 163 रूट उपलब्ध हैं। रोलिंग स्टॉक संरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुये 50 कोचों के मध्यवर्ती ओवरहालिंग , 29 एलएचबी कोचों का शॉप शेड्यूल (एसएस-), 31 कोचों का आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच), 286 वैगनों का नियमित ओवरहॉलिंग (आरओएच) और 667 वैगनों की आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) का कार्य सितम्बर -20 के दौरान किया गया।

संरक्षित ट्रेन संचालन के लिए रनिंग और अन्य श्रेणी के कर्मचारियों का कौशल और ज्ञान अपडेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोविड -19 के दौर में , सभी तीन मण्डलों में ऑनलाइन प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और अब तक, 1300 से अधिक विद्युत और डीजल आपरेशन से जुड़े कर्मचारियों को ऑनलाइन माध्यम से रेफ्रेशर प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

शिवराज सरकार सिंधिया ट्रस्टों को लेकर भी त्वरित फैसला करें: मिश्रा

ग्वालियर। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी ग्वालियर.चम्बल संभाग केके मिश्रा ने प्रदेश सरकार की देश में मौजूद पुरातन सम्पत्तियों की देखभाल के लिए गठित खासगी ट्रस्ट को लेकर सोमवार को इन्दौर के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अहम आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले के दूसरे ही दिन आज मंगलवार को हरकत में आई शिवराज सरकार द्वारा आहूत बैठक में लिये गये उस निर्णय को भी सराहनीय बताया है जिसमें खासगी ट्रस्ट की सम्पत्ति बेचने वालों, उन पर हुये अवैध निर्माणों और इसे खुर्द.बुर्द करने के जो आरोप लगे है उसकी जांच भी ईओडव्ल्यू से कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। मिश्रा ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से यह भी अनुरोध किया है कि जितनी स्फ ुर्ति उन्होंने उच्च न्यायालय के उक्त फैसले के बाद दिखाई है, उसी के अनुरूप वे ग्वालियर राजघराने द्वारा अपने आधिपत्य के पंजीकृत, अपंजीकृत ट्रस्टों के नाम पर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम व अफ्सरसाही से सांठगांठ कर अवैध तरीके से हथियाई गई अरबों रूपये की जमीनों, देवस्थलों, समाधियों को खुर्द.बुर्द कर उन्हें अवैध रूप से बेचने, उनमें किये गये अवैध निर्माणों, इनके माध्यम से की जा रही किराया वसूली और अवैध कब्जों को लेकर भी एक उच्च स्तरीय जांच करवाकर उनसे संबद्ध ट्रस्टियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1998 की धारा 13;1 डी, धारा 467, 468, 471 एवं 420 के तहत एफआईआर दर्ज करायें। संभव हो तो एसीएस मनोज श्रीवास्तव जैसे निष्पक्ष, निडर और भूमि मामलों के विशेषज्ञ अधिकारी को यह जिम्मा सौंपा जायें।

सम्पादक की कलम से

हाथरस के बहाने हिंसा

हाथरस में एक युवती से हुई बर्बरता ने निश्चित रूप से सभी संवेदनशील लोगों को झकझोर कर रख दिया है। किसी भी जागरूक समाज में अवाम और दलों से ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद की जाती है, क्योंकि राजनीतिक हस्तक्षेप बड़े और सकारात्मक बदलावों का वाहक बन सकते हैं। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता और समस्याओं को आवाज देना और उनके समाधान को लेकर आंदोलन-प्रदर्शन करना राजनीतिक दलों का अधिकार भी है। लेकिन अगर ऐसे अपराधों के बाद उठे जनाक्रोश के बीच राजनीतिक पार्टियां अपनी प्रासंगिकता कायम करने की कोशिश करने लगती हैं, तब कई बार उनके सरोकार को लेकर कुछ सवाल उठते हैं। दरअसल, हाथरस की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन का जैसा रवैया दिखा, उससे लोगों के भीतर क्षोभ पैदा हुआ। खासतौर पर पीड़िता की मौत के बाद शव का जिस तरह आनन-फानन में आधी रात को अंतिम संस्कार कर दिया गया और पीड़ित परिवार से किसी के मुलाकात को रोकने के मकसद से गांव की जैसी घेराबंदी की गई, उसने कुछ संदेह पैदा किए।

मगर इस पूरे मामले में अब जो नया तथ्य सामने आया, वह भी कम हैरान करने वाला नहीं है। दरअसल, कांग्रेस सियासी जमीन यूपी में खो चुकी है। उधर समाजवादी पार्टी भी हाशिए पर जा चुकी है। ऐसे में खुद को दोबारा स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए हाथरस को मुद्दा बनाया गया। इंसाफ की आवाज तक तो सब ठीक था, लेकिन उसके पीछे की जो मंशा सामने आई है. उसने यूपी सरकार के होश उड़ा दिए हैं। हाथरस की आड़ में एक बड़ी हिंसा की तैयारी की गई। जातीय हिंसा की चिंगारी हाथरस से भड़काकर, पूरे यूपी को दंगों में जलाने का षडयंत्र रचा गया था। हाथरस में नफरत की चिंगारी भड़काई जा रही थी, जिससे पूरे उत्तर प्रदेश को सुलगाने की तैयारी थी। हाथरस में पीड़िता को इंसाफ के बहाने, बर्बादी का ऐसा दौर लाना था, जिसमें 22 करोड़ की आबादी स्वाह हो जाती। हाथरस में जो कुछ हो रहा था। उस साजिश का अगर पर्दाफाश ना हुआ होता, तो कितनी बड़ी तबाही हो सकती थी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

जस्टिस फॉर हाथरस नाम से न सिर्फ वेबसाइट बनाई गई थी, बल्कि उसमें भड़काऊ कंटेंट डालकर लोगों में गलतफहमी भी फैलाई जा रही थी। हाथरस के नाम पूरे देश को जातीय हिंसा में झोंकने के लिए विदेशों से पैसे भी आए थे। साथ ही यह भी निर्देश मिल रहे थे। कहां-कहां और किस समय पर, किसे निशाना बनाया जाना है। यह सब सिर्फ इंसाफ के नाम पर हो रहा था। हाथरस मामले में अभी रेप की पुष्टि नहीं हुई है। सभी रिपोर्ट में इस तथ्य को खारिज किया जा चुका है। फिर पीड़िता की मौत कैसे हुई, यह जांच का विषय है। इसका सच भी एक न एक दिन सामने आएगा। मगर यह सब सोचे समझे एक के बाद एक राजनीतिक दल का हाथरस जाना लगा रहा। माना कि हाथरस की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन का जैसा रवैया दिखा, उससे लोगों के भीतर क्षोभ पैदा हुआ। खासतौर पर पीड़िता की मौत के बाद शव का जिस तरह आनन-फानन में आधी रात को अंतिम संस्कार कर दिया गया और पीड़ित परिवार से किसी के मुलाकात को रोकने के मकसद से गांव की जैसी घेराबंदी की गई, उसने कुछ संदेह पैदा किए। लेकिन इस बहाने हिंसा का साथ देना भी तो गलत है। निश्चित ही सरकार, पुलिस और प्रशासन का यह रवैया सवालों के घेरे में है और राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया भी लाजिमी है। लेकिन पीड़ित परिवार से मिलने के नाम पर जैसी होड़ शुरू हो गई, उससे भी यह विचित्र स्थिति पैदा हुई है कि क्या यह राजनीति का उचित मौका है! सवाल है कि जिस परिवार की लड़की एक भयावह आपराधिक त्रासदी का शिकार हुई है, अभी वे लोग जिस दुख और पीड़ा से गुजर रहे होंगे, उन सब पर उनके घर के आसपास घटने वाली ऐसी तमाम घटनाओं का कैसा असर पड़ रहा होगा! क्या इस सबसे उनकी पीड़ा को कम किया जा सकेगा या उनकी समस्या का हल किया जा सकेगा? क्या केवल संवेदना और आक्रोश से ऐसे अपराधों पर काबू पाया जा सकता है? इसके लिए कानूनी स्तर पर जिस तरह की स्पष्ट पहलकदमी और बदलाव के लक्ष्य से सुचिंतित आंदोलन की जरूरत होती है, क्या उसके लिए हमारा समाज कभी स्थिर भाव से सोच पाता है? मुश्किल यह है कि हाथरस जैसी घटना अगर किन्हीं वजहों से सुर्खियों में आ जाती है तब जाकर एक व्यापक सजगता दिखती है। लेकिन यही सजगता अगर समाज के नियमित व्यवहार और सोच का हिस्सा बनती, तब शायद एक ऐसे सभ्य और संवेदनशील समाज बनने की उम्मीद की जा सकती थी, जिसमें स्त्रियों को अपने खिलाफ इस तरह के अपराध की त्रासदी का सामना नहीं करना पड़ता।

कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं।

जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत् आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है। सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है।

कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

पत्रकारिता के परमहंस थे माणिकचन्द्र वाजपेयी

पत्रकार के रूप में मामाजी के बीसियों किस्से आज की पी?ी के लिए सीखने और धारण करने के लिए उपलब्ध है।मामाजी ने एक संवाददाता, संपादक, लेखक, वक्ता, विचारक के रूप में राष्ट्र चिंतन का समुच्चय समाज को दिया ।उनके लेखन में राष्ट्रीयता और समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता की झलक हमें स्पष्ट दिखाई देती है।मूल रूप से मामाजी आरएसएस के स्वयंसेवक थे और वे आजन्म एक स्वयंसेवक की सीमाओं और सत्यनिष्ठा के साथ जीये ।उनके व्यक्तित्व का फलक इतना व्यापक था जिसमें आप एक तपोनिष्ठ प्रचारक, पत्रकार, राजनेता, शिक्षक, समाजकर्मी, गृहस्थ, सन्यासीका अक्स पूरी प्रखरता से चिन्हित कर सकते है। एक प्रचारक के जीवन में संघ नियामक की तरह होता है इसलिए इस पैमाने पर मामाजी का जीवन शत प्रतिशत खरा उतरता है।वे संघ के आदेश पर हर भूमिका के लिए त्तपर रहे।नईदुनिया के महानतम संपादकों में एक रहे राहुल बारपुते एक लेख में मामाजी की सादगी को भारतीय सन्त मनीषा का प्रेरणादायक समुच्चय बताया था।

- डॉ अजय खेमरिया

पत्रकारिता के पराभव काल की मौजूदा परिस्थितियों में मामा जी यानी माणिकचंद्र जी वाजपेयी का जीवन हमें युग परिवर्तन का बोध भी कराता है।पत्रकारिता में मूल्यविहीनता के अपरिमित सैलाब के बीच अगर मामाजी को याद किया जाए तो इस बात पर सहज भरोसा करना कठिनतम हो जाता है कि पत्रकारिता जैसे क्षेत्र में कोई हा?मांस का इंसान ध्येयनिष्ठा के साथ अपने पत्रकारीय जीवन की यात्रा को जीवंत दर्शन में भी तब्दील कर सकता है।

मामाजी न केवल भारतीय बल्कि विश्व भर के पत्रकारिता जगत की अमूल्य और अनुकरणीय निधि है।वे निर्मोही और परमहंस गति के सांसारिक शख्स थे उनका व्यक्तित्व उन सन्त महात्माओं के लिए भी विचारण पर बाध्य कर सकता है जो सार्वजनिक संभाषण में सादगी और सदाचार के लिए आह्वान करते है।पत्रकारीय ज्ञान और आचार सहिंता का साक्षात विश्वविद्यालय भी उन्हें निरूपित किया जा सकता है।मामाजी का व्यक्तित्व सच्चे अर्थों में विभूतिकल्प था वे सांसारिक जीवन के सन्त थे और एक योद्धा की तरह समाज कर्म में सलंग्न रहे।अपनी वैचारिकी के प्रति सांगोपांग समर्पित इस महान शख्स की जीवन यात्रा का अवलोकन मौजूदा दौर के एक महत्वपूर्ण पक्ष को भी उदघाटित करता है वह यह कि पहचान और प्रतिष्ठा केवल प्रोफेशन, सेंसेशन और इंटेंशन से ही अर्जित नही की जाती है बल्कि ईमानदारी, सादगी और ध्येयनिष्ठा ही किसी जीवन को टिकाऊ और अनुकरणीय बनाते है।मामाजी पत्रकारिता के इसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते है जो न्यस्त स्वार्थों नही सरोकारों और सत्यनिष्ठा के प्रतिमानों को ख?ा करके गए है।

पत्रकार के रूप में मामाजी के बीसियों किस्से आज की पी?ी के लिए सीखने और धारण करने के लिए उपलब्ध है।मामाजी ने एक संवाददाता, संपादक, लेखक, वक्ता, विचारक के रूप में राष्ट्र चिंतन का समुच्चय समाज को दिया ।उनके लेखन में राष्ट्रीयता और समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता की झलक हमें स्पष्ट दिखाई देती है।मूल रूप से मामाजी आरएसएस के स्वयंसेवक थे और वे आजन्म एक स्वयंसेवक की सीमाओं और सत्यनिष्ठा के साथ जीये ।उनके व्यक्तित्व का फलक इतना व्यापक था जिसमें आप एक तपोनिष्ठ प्रचारक, पत्रकार, राजनेता, शिक्षक, समाजकर्मी, गृहस्थ, सन्यासीका अक्स पूरी प्रखरता से चिन्हित कर सकते है।एक प्रचारक के जीवन में संघ नियामक की तरह होता है इसलिए इस पैमाने पर मामाजी का जीवन शत प्रतिशत खरा उतरता है।वे

संघ के आदेश पर हर भूमिका के लिए त्तपर रहे।नईदुनिया के महानतम संपादकों में एक रहे राहुल बारपुते एक लेख में मामाजी की सादगी को भारतीय सन्त मनीषा का प्रेरणादायक समुच्चय बताया था।असल में मामाजी की वेशभूषा और जीवनशैली को देखकर उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का अंदाजा लगाया जाना संभव नही था।बेतरतीब सिर के बाल, सिकु?न समेटे हुए धोती कुर्ता और कप? के साधारण जूतों में रहने वाले मामाजी हर उस नए आदमी को अचंभित कर देते थे जो उनकी ख्याति और कृतित्व को सुनकर उनसे मिलने आता था।आज के दौर ही नही मामाजी के समकालीन पत्रकारों में भी सरकारी सुविधाओं के प्रति जबरदस्त आकर्षण होता था लेकिन मामाजी सदैव सुविधाभोगी पत्रकारिता से दूर रहे।स्वदेश ग्वालियर और इंदौर के संस्थापक संपादकों जैसी महती जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने वाले मामाजी ने इस पत्र के माध्यम से राष्ट्रीयता के विचार पुंज को भोपाल, रायपुर समेत प्रदेश भर में आलोकित किया।उनके मार्गदर्शन में स्वदेश की पत्रकारीय पाठशाला में अनेक पत्रकारों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय और प्रादेशिक पत्रकारिता में स्तरीय मुकाम हांसिल किया है।मामाजी एक प्रशिक्षक के रूप में प्रभावी और सहज अधिष्ठाता की तरह थे।वे स्वभाब से जितने विनम्र थे कमोबेश उनकी लेखनी उतनी ही कठोरता से सरोकारों के लिये चलती थी।उनके सानिध्य में आया हर शख्स यही समझता था कि मामाजी उसके परिवार के सदस्य है यही उनके उदारमना ह्रदय का वैशिष्ट्य था जो उन्हें हरदिल अजीज बनाता था।प्रख्यात पत्रकार श्री राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि मामाजी का मूलतः एक ही सार्वजनिक व्यक्तित्व था जिसमें निश्छलता और निष्कपटता के अलावा कोई दूसरा तत्व समाहित ही नही था इसीलिए वे हर सम्पर्क वाले आदमी को अपने आत्मीयजन का अहसास कराते थे।

उनके लेखन का मूल्यांकन केवल राष्ट्रीयता को प्रतिबिंबित और प्रतिध्वनित करता है।

मामाजी के व्यक्तित्व का एक अहम पक्ष उनकी राष्ट्र आराधना में समर्पण का भी है बहुत कम इस बात की चर्चा होती है कि उनके गृहस्थ जीवन में एक के बाद एक वज्राघात हुए उनके इकलौते पुत्र का निधन संघ शिक्षा वर्ग में उनकी व्यस्तता के बीच हुआ तो पुत्री के निधन की परिस्थितियों ने भी उन्हें संघ शाखा के दायित्व से नही डिगने दिया।पत्नी भी असमय साथ छो? चुकी थी इसके बाबजूद वे संघ कार्य मे अंतिम सांस तक जुटे रहे।आज के दौर में हम देखते है कि किसी सांसद विधायक या मंत्री के परिजन और उनके नजदीकी किस तरह दंभ और ठसक से भर जाते है लेकिन मामाजी देश के सर्वकालिक महानतम प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चचेरे भाई थे इसके बाबजूद उन्होंने कभी इस रिश्ते को न तो प्रकट किया न ही किसी अन्य को इस रिश्ते को प्रचारित करने की अनुमति दी।2002 में अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए एक सार्वजनिक समारोह में मामाजी के चरण छूने की इच्छा व्यक्त कर देश के समक्ष यह संदेश दिया था कि मामाजी की महानता और संतत्व का मूल्यांकन करने में सत्ता और समाज भूल कर गया है।शीर्ष राजसत्ता का मामाजी के समक्ष अटलजी के रूप में दण्डवत होने का यह घटनाक्रम कोई साधारण बात नही थी बल्कि मामाजी के विभूतिकल्प व्यक्तित्व को राष्ट्रीय अधिमान्यता देने जैसा ही था।तथापि यह भी तथ्य है कि समाज जीवन मे मामाजी के जीवन दर्शन को सुस्थापित करने के नैतिक दायित्व को निभाने में हम खरे नही उतरे है।उनके जीवन को दर्शन की श्रेणी में इसीलिए भी रखा जाता है क्योंकि उन्होंने जो लिखा या कहा उसे खुद के जीवन मे उतारकर भी दिखाया था।क्या ऐसे व्यक्तित्व और कृतित्व को दर्शन से परे कुछ और निरूपित किया जा सकता है?आइये पत्रकारिता में टूटती मर्यादाओं के इस तिमिराच्छन दौर में मामाजी के शाश्वत और कालजयी दीपक को प्रकाशित कर राष्ट्रीयता की जमीन को सशक्त करने का संकल्प लें।

गरीबों के मुकाबले खुशहाल परिवार ले रहे बिजली सब्सिडी का फायदा

झारखंड में राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों को दी जा रही बिजली सब्सिडी का दोगुने से ज्यादा फायदा संपन्न परिवारों की झोली में जा रहा है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आईआईएसडी) और इनिशिएटिव फॉर सस्टेनेबल एनर्जी पॉलिसी (आईएसईपी) द्वारा आज जारी किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है

करीब 900 परिवारों पर किए गए इस सर्वे के मुताबिक शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी में से कम से कम 60त्न हिस्सा अमीरों (रिचेस्ट टू फिफ्थ) के पास पहुंच रहा है वहीं सिर्फ 25त्न भाग गरीबों (पुअरेस्ट टू फिफ्थ) के पास जा रहा है।

झारखंड में किए गए इस सर्वे से पूरे भारत की बड़ी तस्वीर का अंदाजा लगाया जा सकता है, जहां घरेलू बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी उन परिवारों तक पहुंच रही है जो गरीब नहीं हैं।

इस अध्ययन की सह लेखिका और आईआईएसडी से जुड़ी श्रुति शर्मा ने कहा ''विकास के लिए हर किसी को बिजली की उपलब्धता जरूरी है और सभी लोग बिजली खरीद सकें, इसके लिए सब्सिडी दी जाती है, लेकिन हमारा अध्ययन यह जाहिर करता है कि सबसे गरीब परिवार को सबसे कम फायदा मिल रहा है। ऐसी सब्सिडी का कोई फायदा नहीं। इस मामले में समानता लाने के लिए व्यवस्था को बेहतर बनाने की पूरी गुंजाइश है।''

वित्तीय वर्ष 2019 में भारत में कम से कम 110391 करोड़ रुपए (15 अरब 60 करोड़ डॉलर) बिजली पर सब्सिडी के रूप में दिए गए। %हाउ टू टारगेट रेजिडेंशियल इलेक्ट्रिसिटी सब्सिडीज इन इंडिया = स्टेप टू. इवेलुएटिंग पॉलिसी ऑप्शंस इन द स्टेट ऑफ झारखंड% शीर्षक वाली इस रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी प्रति किलोवाट 1 रुपए से लेकर 4 रुपये 25 पैसे के बीच है। यह इस पर निर्भर करता है कि घर में कितनी बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। मगर खर्च किए जाने वाले प्रत्येक किलोवाट में कुछ धनराशि सरकारी सहयोग के तौर पर शामिल होती है क्योंकि खुशहाल परिवार ज्यादा बिजली का इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं लिहाजा वे सब्सिडी के तौर पर दिए जाने वाले लाभ का एक बड़ा हिस्सा हासिल कर लेते हैं।

श्रुति शर्मा के मुताबिक इस मॉडल के अनुसार जो परिवार 800 किलोवाट प्रति माह से ज्यादा बिजली खर्च करते हैं उन्हें 50 किलो वाट से कम बिजली खपत वाले लोगों को दी जाने वाली सरकारी सब्सिडी की सहायता के मुकाबले 4 गुना ज्यादा फायदा मिलता है।

अध्ययनकर्ताओं ने यह माना कि बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी के असमानता पूर्ण वितरण की समस्या पूरी दुनिया में व्याप्त है और चूंकि भारत के कई अन्य राज्यों में बिजली शुल्क दरें और सब्सिडी का ढांचा झारखंड से ही मिलता जुलता है इसलिए इस बात की पूरी संभावना है कि देश के अन्य राज्यों में भी यह समस्या मौजूद हो। विशेषज्ञों ने इस बात को रेखांकित किया है कि ऊर्जा सब्सिडी को वास्तविक रुप से जाहिर करने के लिए सटीक आंकड़ों की कमी के कारण पूरे देश में एक बड़ा नॉलेज गैप बन चुका है। शोधकर्ताओं का मानना है कि गरीब परिवारों को बेहतर ढंग से बिजली पहुंचाने में मदद के लिए सरकार को यह अंतर खत्म करना होगा।

शोधकर्ताओं का सुझाव है के तंत्र में सुधार करने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के बिजली विभागों को खुशहाल परिवारों को दी जाने वाली सब्सिडी को अधिक समानतापूर्ण बनाना चाहिए और गरीब परिवारों को सब्सिडी का समुचित लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में काम करना चाहिए। इससे गरीबों को दी जाने वाली सब्सिडी में बढ़ोत?तरी करना भी मुमकिन हो सकेगा।

झारखंड में किए गए अध्ययन के आधार पर इस रिपोर्ट में सरकारों के लिए कुछ सुनिश्चित सुझाव दिए गए हैं।

शोधकर्ताओं का सुझाव है कि कोविड-19 महामारी के नागरिकों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए अल्पकाल में बेहद सतर्कतापूर्ण रवैया अपनाना होगा और सिर्फ उन्हीं घरों की सब्सिडी खत्म करनी होगी जो हर महीने 300 किलोवाट से ज्यादा बिजली खर्च करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में सुधार की शुरुआत होने पर सरकार को 50 किलोवाट से लेकर 200 किलो वाट प्रतिमाह बिजली खर्च करने वालों वाले परिवारों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती करनी चाहिए और उन उपभोक्ताओं को सब्सिडी के लाभार्थी लोगों की सूची से हटा देना चाहिए जिनके पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है।

इन सुधारात्मक कदमों से झारखंड की बिजली वितरण कंपनियां 306 करोड़ रुपए बचा सकती हैं। इस बचत का इस्तेमाल बिजली आपूर्ति में सुधार करने, प्रतिमाह 50 किलोवॉट से कम बिजली खर्च करने वाले गरीब परिवारों की मदद करने या फिर कोविड-19 से हुए नुकसान की भरपाई में मदद के लिए किया जा सकता है।

रिपोर्ट में भारत के अन्य राज्यों के लिए सुझाव दिया गया है कि सरकारें यह पता लगाएं कि बिजली सब्सिडी से सबसे ज्यादा फायदा किसको हो रहा है। इसके अलावा ऐसी ही अन्य लक्ष्यपूर्ण रणनीतियां अपनाकर काम करना होगा। विशेषज्ञों ने कहा कि इससे राज्य सरकारों को ऊर्जा की उपलब्धता और उसके किफायतीपन से समझौता किए बगैर सब्सिडी के ढांचे को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया जाना चाहिए जो गरीबों की रजिस्ट्री के मामले देखती हैं ताकि नीतियों को उपभोक्ता परिवार की माली हालत को देखते हुए सटीक आंकड़ों पर आधारित बनाया जा सके।

आईआईएसडी के प्रोजेक्ट प्रमुख क्रिस्टोफर बीटन ने कहा ''कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को लगे झटके का असर पूरे देश के लोगों पर पड़ा है, लिहाजा यह सवाल पहले से कहीं ज्यादा अहम हो जाता है कि क्या सरकारी मदद उसके वास्तविक हकदारों तक पहुंच रही है या नहीं, और क्या हम सही मायनों में जरूरतमंद लोगों की मदद पर ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं?

झारखंड में गरीबी का पैमाना अपवंचन सूचकांक (डिप्राइवेशन इंडेक्स) पर आधारित है। इसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2016 में राज्य की 46.5त्न आबादी गरीब थी। गरीबी की इस दर और सर्वे के दायरे में लिए गए घरों के महीने के खर्च संबंधी आंकड़ों के आधार पर सबसे कम दो पंचमक (क्विनटाइल) के बराबर का हिस्सा झारखंड की आबादी के बड़े भाग को खुद में शामिल करता है। इस आबादी को राज्य सरकार की परिभाषा में गरीब के तौर पर प्रस्तुत किया गया है।

गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा।

जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है।

अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

इकतीस दिन का महीना

वह सुबह से ही मंदिर के अहाते में आकर बड़ी देर से बेहद उदास होकर बैठी थी ।लगता था कि वह भूखी भी है ।पुजारी जी ने उसे देखते ही पूछा-

माई,लगता है आज इकतीख तारीख है ।

हाँ,पंडित जी ।

तो तू,उदास क्यों होती है,आज का दिन यहीं गुज़ार,और यहीं खाना खा ।

इतना सुनते ही वह अतीत में पहुँच गई।

पति के निधन के बाद मेहनत-मजदूरी करके उस औरत ने अपने दोनों बेटों को पाल-पोसकर, पढ़ा-लिखाकर इस क़ाबिल बनाया था,कि वे दोनों सरकारी नौकरी में और एक अच्छी पत्नी को पा सकें ।पर शादी के बाद दोनों भाइयों में नहीं बनी तो उन्होंने घर-मकान का बंटवारा कर लिया, पर कोई भी बेटा माँ की पूरी ज़िम्मेदारी लेने तैयार नहीं था।

अंत में लाचार होकर दोनों भाइयों ने पंद्रह-पंद्रह दिन के लिए माँ की जिम्मेदारी ले ली ।पर विडंबना कि जब महीना इकत्तीस दिन का होता था तो माँ को एक दिन मंदिर में जाकर गुज़ारा करना पड़ता था ।माई ,कहाँ खो गई?ये भोग तो खा,और आराम कर ।पुजारी की आवाज़ सुनते ही वह वर्तमान में लौट आई ,और आँसू पौंछकर भोग लेकर खाने लगी।

-प्रो.शरद नारायण खरे

बच्चों के लिए जरूरी अच्छी आदतें

कम उम्र में सिखाई गई बातें इंसान को लंबे समय तक याद रहती हैं या इसे यूं कहे कि यही बातें उनकी आदत बन जाती हैं। वैसे तो हर माता-पिता और बुजुर्ग अपने बच्चों को अच्छी आदतें अपनाने को कहते हैं लेकिन कई बार हम बच्चों की बुरी आदतों को नजरअंदाज भी कर देते हैं या उन्हें सही आदतों का ज्ञान कराने में लापरवाही बरतते हैं जो उन्हें आगे चलकर काफी नुकसान पहुंचाती हैं। ये आठ आदतें हर माता पिता को अपने बच्चों को जरूर सिखानी चाहिए।

- सुबह जल्दी उठने की आदत, यदि बच्चों में बचपन से ही सुबह जल्दी उठने की आदत डाल दें तो यह ताउम्र बनी रहती है। दरअसल सुबह जल्दी उठने से हमारा दिमाग तनावमुक्त रहता है और दिनभर ताजगी बनी रहती है। साथ ही सुबह जल्दी उठकर आप व्यायाम के लिए भी समय निकाल सकते हैं जो आपको तंदुरुस्त बनाए रखता है। एक शोध में ये भी पाया गया है की सुबह जल्दी उठने वाले लोगों में अवसाद का खतरा काफी कम हो जाता है।

-जमीन पर बैठकर खाना खाने की आदत डालनी चाहिए। आजकल लोग डायनिंग टेबल पर बैठकर ही खाना खाते हैं लेकिन पुराने जमाने में ज्यादातर लोग जमीन पर बैठकर ही खाना खाते थे और ये स्वास्थ्य के लिए भी ज्यादा फायदेमंद होता हैं। दरअसल जमीन पर बैठकर खाना खाने से हमारे शरीर की मुद्रा ऐसी होती है जिससे हमारी पाचन क्रिया सही रहती है और साथ ही इससे हमारे घुटने और कोहनिया मजबूत होती हैं। इसके अलावा जमीन पर बैठकर खाना खाने से ना सिर्फ शरीर में रक्तसंचार सुचारु रहता है बल्कि ये वजन कम करने में भी सहायक होता है ! खाने के बीच में पानी ना पीएं, बच्चों की अक्सर ये आदत होती है की वो खाने खाते समय बीच बीच में पानी पीते हैं लेकिन इससे पाचन क्रिया बिगड़ती है और पेट को खाना पचाने में समय लगता है इसे पेट में अपच होना, गैस बनना और ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाने जैसी समस्याएं हो सकती है। शाम को भोजन करें ,आजकल की जीवनशैली में लोग रात का भोजन काफी देर से करते हैं जो सही नहीं है। दरअसल आयुर्वेद की मानें तो रात का खाना खाने का सही समय सूर्यास्त के समय ही है। इससे शरीर और प्राकृतिक चक्र के बीच में तालमेल बना रहता है जिससे सोने से पहले खाना पच जाता है और नींद भी अच्छी आती है।

- गर्म पानी से ना धोएं बाल, बच्चों को कभी भी अपने बाल गर्म पानी से नहीं धोने चाहिए और यही आदत बच्चों को भी सिखानी चाहिए क्योंकि गर्म पानी से बाल धोने से सिर की त्वचा में सूखापन आता है और साथ ही सिर की त्वचा स्किन का पीएच भी बढ़ता है इससे बाल कमजोर हो जाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं।

बच्चों के लिए पढ़ाई को रूचिकर बनाएं

बच्चों की सीखने की क्षमता बहुत तेज होती है। एक ताजा शोध के मुताबिक तीन साल से कम आयु के बच्चों में बड़ी तेज़ी से मानसिक विकास होता है। माता-पिता के दैनिक कार्य जैसे पढ़ना, गाना और उनसे लाड़-प्यार करना, ये सारे काम बच्चों के अच्छी तरह से विकास एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक शोध के अनुसार दो से आठ साल की आयु के बच्चों के माता-पिता में से सिर्फ आधे ही अपने बच्चों को रोज़ पढ़कर सुनाते हैं। आप शायद सोच सकते हैं, 'क्या पढ़कर सुनाने से वाकई मेरे बच्चे पर कोई गहरा असर होता है?%

-नज़दीकी रिश्ता बनाना ,बढ़ती उम्र के बच्चों में ऐसी आदतें विकसित होती हैं जो आगे चलकर उनकी ज़िंदगी पर असर करता है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों में एक करीबी रिश्ते की बुनियाद डालें जिसमें विश्वास, आपस में आदर और एक-दूसरे को समझने की भावना हो। ऐसा करने के लिए पढ़ना मददगार साबित हो सकता है। जब माता-पिता अपने बच्चों को अपनी बाँहों में लेकर, उन्हें पढ़कर सुनाते हैं तो उनका यह तरीका एकदम साफ सुनायी देता है। ऐसी हीं एक माँ, अपने आठ साल बेटे को पढ़कर सुनाने के बारे में कहती है कि 卐मैं और मेरे पति मानते हैं कि इसी वजह से हमारा बेटा हमारे बहुत करीब महसूस करता है। वह हमसे कुछ नहीं छिपाता और अकसर अपने दिल की बात कहता है। इस तरह हमारे बीच एक बहुत ही खास बंधन बन गया है। एक अन्य मां ने कहा कि जब उनकी बेटी करीब एक साल की हुई, तब वह बैठना सीख रही थी और एक-दो मिनट के लिए सुनकर समझ सकती थी। उन्होंने उसी उम्र में उसे पढ़कर सुनाने की आदत बना ली। क्या इतनी मेहनत और समय बिताने का कोई फायदा हुआ है? उन्होंने कहा कि स्कूल में हुई कुछ घटना या उसकी सहेलियों के साथ हुए झगड़ों के बारे में जानने के लिए ज़्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। दोस्तों की तरह बस उसके साथ शांत माहौल में किताब पढ़ना ही काफी होता है। साथ ही यह तय है कि ज़ोर से पढ़कर सुनाने से माता-पिता और बच्चे के बीच एक करीबी रिश्ता बन सकता है।

दान और परोपकार से घटता नहीं है धन

सभी धर्मों में कहा गया है कि दान करो। दान करने से धन घटता नहीं है बल्कि आपका धन बढ़ता है। लेकिन समस्या यह है कि लोग धन बढ़ने का तात्पर्य यह समझते हैं कि आज आप सौ रूपये कमाते हैं तो कल हजार रूपये कमाने लगेंगे। शास्त्रों में मुद्रा को धन कभी कहा ही नहीं गया है। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति जो पुण्य अर्जित करता है वही धन है। पुण्य रूपी धन परोपकार और जनहित से बढ़ता है। मुद्रा रूपी धन तो आपको उतना ही मिलेगा जितना आपकी किस्मत में होगा। अगर आप दान भी कर दें तो आपके पास उतना ही रहेगा जितना आपके भाग्य में है। अगर आप संचित करके भी रखेंगे तब भी उतना ही बचेगा जितना आपकी किस्मत में विधाता ने लिख दिया है।

दक्षिण भारत की एक कथा है इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक गरीब ब्राह्मण था। दिन भर अपना काम करता इसके बाद जो भी समय बचता उसे भगवान की सेवा में लगा देता। ब्राह्मण की पत्नी अक्सर ब्राह्मण से कहती पूजा-पाठ से क्या लाभ है भगवान तो हमारी सुनते ही नहीं, पता नहीं हमारी गरीबी कब दूर होगी। एक दिन ब्राह्मणी की बात सुनकर ब्रह्मण बहुत दुखी था। पूजा करने बैठा तो भगवान प्रकट हो गये। भगवान को देखते ही ब्रह्मण अपनी गरीबी दूर करने के लिए प्रार्थना करने लगा। भगवान ने कहा तुमने पूर्व जन्म दान नहीं किया है इसलिए तुम्हारे भाग्य में अन्न धन की मात्रा कम है। अगर तुम चाहो तो तुम्हें तुम्हारे भाग्य का अन्न धन एक साथ मिल सकता है। लेकिन एक बार अन्न धन खत्म होने के बाद तुम क्या करोगे। अच्छा होगा कि तुम धीरे-धीरे अपने हिस्से का अन्न धन प्राप्त करो।

ब्रह्मण ने कुछ देर सोचा फिर बोला प्रभु मेरे भाग्य का सारा अन्न धन एक साथ दे दीजिए। कुछ दिन तो सुखी से जी लूंगा। भगवान ने तथास्तु कह दिया। ब्राह्मण का घर अन्न से भर गया। ब्राह्मणी अन्न का भंडार देखकर खुश हो गयी। ब्राह्मण ने कहा कि इसे हम एक साथ खर्च नहीं करेंगे। हमारा जीवन जैसे चल रहा था हम वैसे ही जिएंगे। अगले दिन से ब्राह्मण गरीबों को अन्न-धन बांटने लगा। ब्राह्मण की किस्मत में जितना अन्न धन का सुख था वह उसे मिलता रहा। लेकिन दान के प्रभाव से उसके पुण्य में वृद्धि होती गयी और ब्राह्मण का नाम एवं यश चारों ओर फैलने लगा। पुण्य की वृद्धि और उदारत से प्रसन्न होकर भगवान ने ब्राह्मण की गरीबी दूर कर दी।

स्पोर्ट्स

पेरिस के रोला गैरा में चेक गणराज्य की पैट्रा कवीटोवा सर्व करती हुई।

जीत के लिए अवसरों का लाभ उठाना होगा ¬ विराट

दुबई (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली हार के बाद कि अवसरों का लाभ नहीं उठा पाने के कारण ही उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में विराट ने 43 रनों की पारी खेली पर वह अपनी टीम को उबार नहीं पाये। विराट ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए हमने पहले 6 ओवरों में अच्छी शुरुआत की पर बाद के ओवरों में मैच हमारे हाथ से फिसल गया। कोहली ने कहा, मैच के दौरान हमें उन अवसरों का लाभ उठाना होगा जो हमारे पास आते हैं। वहीं हमने कई अवसर खाये हैं। गेंद और बल्ले के साथ और ज्यादा संतुलन बनाने की जरूरत थी। मुझे नहीं लगता कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया। कोहली ने कहा, क्रिस मॉरिस अच्छा खेल रहे थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये। हमारे पास अगले मैच तक चार दिन है। अच्छी बात यह है कि हमने पांच में से तीन मैच जीते हैं। हमने वो दो मैच गंवाए जहां हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली है, इसलिए मुझे लगता है कि हमें उन छोटी गलतियों को सुधारना होगा।

डीडीसीए अध्यक्ष के लिए आज नामांकन कर सकते हैं अरुण जेटली के बेटे रोहन

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भर सकते हैं। रोहन के पिता अरुण जेटली 14 साल तक डीडीसीए के अध्यक्ष रहे थे। रोहन ने कहा कि वह डीडीसीए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने को तैयार हैं, पर साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट में कुछ मामलों की सुनवाई होनी है। उन्होंने कहा कि अगर रास्ता साफ रहता है तो वह बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

डीडीसीए के खाली पदों के चुनाव 17 से 20 अक्टूबर के बीच होने हैं। रोहन ने कहा, %हां, नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मैं नामांकन के लिए तैयार हूं। मेरी तरफ से कोई रुकावट नहीं है।% साथ ही कहा, % कुछ कानूनी केस चल रहे हैं और इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि तय कार्यक्रम के अनुसार चुनाव होंगे या नहीं। अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मुझे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने में किसी तरह की समस्या नहीं है। अगर मैं नामांकन भरता हूं तो मैं सात अक्टूबर को भरूंगा।% डीडीसीए के सभी समूह जिनकी संख्या पांच है, रोहन के साथ हैं और मौखिक तौर पर उनका साथ देने की बात भी कह रहे हैं। रोहन के अनुसार वह तभी इस पद के लिए लड़ेंगे जब उनके सामने कोई और चुनाव नहीं लड़ेगा, जिस पर सभी लोग तैयार हैं।

हिजाब के कारण महिला खिलाड़ी को नहीं मिली वॉलीबॉल मैच खेलने की अनुमति

न्यूयॉर्क । अमेरिका में हिजाब पहनने के कारण महिला खिलाड़ी को वॉलीबॉल मैच खेलने से रोक दिया गया। हाई स्कूल वॉलीबाल मैच में हिजाब पहनने के कारण इस खिला?ी को मुकाबले में उतरने नहीं दिया गया। इस लड़की से हिजाब उतारने को कहा गया पर उसने मैच में नहीं खेलने का फैसला किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नजाह अकील नाम की यह महिला खिलाड़ी 15 सितंबर को मैच से पहले अभ्यास कर रही थीं, तभी उनके कोच ने कहा कि रेफरी ने उन्हें हिजाब के साथ खेलने से मना कर दिया है।

फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच, क्विटोवा

फ्रेंच ओपन। सर्बिया के टेनिस स्टार और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रूस के करेन खाचनोव को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस के पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में चेक गणराज्य की सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा क्विटोवा ने चीन की झांग शुहाई को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। क्विटोवा का मुकाबला अब लॉरा सीगमंड से होगा।

जोकोविच ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में खाचनोव को 6-4, 6-3, 6-3 से हराया। इसी के साथ ही जोकोविच ने 14वीं बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश के नडाल के रिकार्ड की बराबरी की।

यह रोलां गैरो पर नडाल की कुल 72वीं जीत है। जोकोविच यहां लगातार 11वीं बार अंतिम आठ में पहुंचे हैं। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामिंटों में 47वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं और वह इस मामले में स्विटजरलैंड के अनुभवी टेनिस स्टार रोजर फेडरर (57) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। अब अगले दौर में जोकोविच का सामना स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा से होगा। पुरुष वर्ग में जोकोविच के अलावा यूनान के स्टेफनोस सिटसिपास और आंद्रेइ रूबलेव ने पहली बार फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई है। सिटसिपास ने बुल्गारिया के 18वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 7-6 (9), 6-2 से हराया। अब सिटसिपास का मुकाबला रुस के आंद्रेई रूबलेव से होगा।

अश्विन ने फिंच को मांकडिंग का प्रयास किया

दुबई (ईएमएस)। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक बार फिर मांकडिंग को लेकर चर्चाओं में हैं। अश्विन ने साल 2019 में बल्लेबाज जोस बटलर को मांकडिंग से आउट किया था जिसपर काफी विवाद भी हुआ था। इस बार भी ऐसा ही कुछ हुआ है बस फर्क इतना है कि अश्विन किंग्स इलेवन पंजाब की जगह दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे हैं। इस बार अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के आरोन फिंच को मांकडिंग का शिकार बनाने का प्रयास किया। दिल्ली से मिले 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी के खिलाड़ी देवदत्त पडीक्कल और फिंच मैदान में थे। दोनों खिलाड़ी 18 रन पर खेल रहे थे और तीसरे ओवर में अश्विन गेंदबाजी पर उतरे। इस दौरान तीसरी गेंद पर पडीक्कल क्रीज पर थे और नॉन स्ट्राइक छोर पर फिंच खड़े थे। अश्विन के गेंद फेंकने से पहले ही फिंच क्रीज छोड़ कर आगे बढ़ गए और अश्विन ने गेंद डालने की जगह फिंच को मांकडिंग से आउट करने आगाह किया हालांकि इस दौरान उन्होंने फिंच को आउट नहीं किया। इसके बाद जब अश्विन फिर से गेंद डालने लगे तो फिंच ने क्रीज नहीं छोड़ी और गेंद डालने के बाद ही वह आगे निकले। आईपीएल के ट्विटर हैंडल पर इसे लेकर एक पोस्ट की गई है जिसके बाद लोग इस बार अश्विन की तारीफ करते नजर आए।

तय कार्यक्रम पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल ¬ आईसीसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण अगले साल 2021 में होने जा रही पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल तय समय पर ही होगा। पर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी टॉम हैरिसन ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर नजीब ताराकई का निधन

काबुल। अफगानिस्तान के युवा क्रिकेटर नजीब ताराकई की सड़क हादसे के कारण मौत हो गयी है। ताराकई ने मंगलवार को अस्पताल में अंतिम सांसें लीं। वह शुक्रवार को एक कार दुर्घटना के बाद से ही कोमा में थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मीडिया मैनेजर एम. इब्राहिम मोमंद ने कहा कि ताराकई को हादसे के बाद नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई में थे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने ताराकई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एसीबी ने ट्वीट कर इस बड़ी क्षति पर दुख जताया है। एसीबी ने ट्वीट किया, %एसीबी और क्रिकेट को प्यार करने वाले अफगानिस्तान के आक्रामक सलामी बल्लेबाज और बेहद अच्छे इंसान 29 वर्षीय नजीब ताराकई के निधन की दिल तोड़ने वाली और अपूर्णनीय क्षति से सभी काफी दुखी है।% ताराकई ने अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2014 में डेब्यू किया। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेला। यहां से उन्होंने 12 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले और 21.50 के औसत और 122.85 के स्ट्राइक रेट से 258 रन बनाए। उनका सर्वाधिक स्कोर 90 रहा जो उन्होंने मार्च 2017 में आयरलैंड के खिलाफ ग्रेटर नोएडा में बनाए। नजीब ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला सितंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम मीरपुर में खेला था।

रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 73.15 प्रति डालर पर

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी मुद्रा के कमजोर पड़ने और शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत से मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया कारोबार की शुरुआत में 14 पैसे चढ़कर 73.15 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गया। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा में कारोबार की शुरुआत 73.17 रुपए प्रति डालर पर हुई और कारोबार के आगे बढ़ने के साथ यह और मजबूत होकर 73.15 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गया। पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले यह 14 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इससे पहले दिन सोमवार को डालर के मुकाबले रुपया 16 पैसे गिरकर 73.29 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की घटबढ़ को दर्शाने वाले डालर सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 93.39 अंक पर रहा।

ब्रिटानिया बोनस डिबेंचर और लाभांश भुगतान जारी करेगी

नई दिल्ली। बेकरी और डेयरी उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल ने बोनस डिबेंचर जारी करने और शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करने की अनुमति दी। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया। निदेशक मंडल ने एक रुपए अंकित मूल्य के एक चुकता शेयर पर 29 रुपए अंकित मूल्य के गैर परिवर्तनीय, भुनाने योग्य पूर्ण चुकता बोनस डिबेंचर जारी करने की अनुम?ति दे दी। इसी के साथ कंपनी ने एक रुपए अंकित मूल्य वाले पूर्ण चुक्ता शेयर पर 12.50 रुपए का लाभांश भुगतान करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि कोविड-19 संकट जैसे अभूतपूर्व समय में शेयरधारकों को सहूलियत देने के लिहाज से कंपनी ने इसका निर्णय किया है। इसके लिए कंपनी अपने लाभ और सामान्य पूंजी भंडार का उपयोग करेगी। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज का शेयर सोमवार को बीएसई में 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,828.45 रुपए पर बंद हुआ।

ट्रैक्टरों के लिए नए प्रदूषण मानक की समयसीमा अगले साल तक बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने निर्माण उपकरण वाहनों और ट्रैक्टरों के लिए नए उत्सर्जन मानदंडों को अमल में लाने की समय सीमा अगले साल तक बढ़ा दी है। यह क्रमशः अप्रैल 2021 और अक्टूबर 2021 कर दी गई है। पहले ये मानदंड इसी अक्टूबर से लागू होने थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा ?कि मंत्रालय ने सीएमवीआर 1989 में संशोधन को अधिसूचित किया है, जिसमें ट्रैक्टरों (टीआरईएम स्टेज- 4) के लिए उत्सर्जन मानदंडों के अगले चरण को लागू करने की तिथि को इस वर्ष अक्टूबर से हटा कर अगले वर्ष अक्टूबर कर दिया गया है। मंत्रालय को इस संबंध में कृषि मंत्रालय, ट्रैक्टर विनिर्माताओं और कृषि संघों से अनुरोध प्राप्त हुआ था। बयान में कहा गया है कि निर्माण उपकरण वाहनों के लिए इन मानदंडों को लागू करने पर छह माह की छूट देते हुए इसे एक अप्रैल 2021 कर दिया गया है। उन्होंने कहा ?कि ये संशोधन, अन्य मोटर वाहनों के उत्सर्जन मानदंड तथा कृषि मशीनरी, निर्माण उपकरण वाहनों और ऐसे अन्य उपकरणों के लिए प्रदूषण मानकों के बीच भ्रम से बचाने का भी प्रयास करता है। संशोधन में कृषि मशीनरी (कृषि ट्रैक्टर, पावर टिलर और संयुक्त हार्वेस्टर) और निर्माण उपकरण वाहनों के लिए अलग-अलग उत्सर्जन मानदंड शामिल हैं।

रंग संसार

कंगना ने फैशन को अभिव्यक्ति की आजादी के रुप में परिभाषित किया

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने फैशन को अभिव्यक्ति की आजादी के रूप में परिभाषित किया। कंगना रनौत ने अपने ट्विटर पर %पहले और अभी% की तस्वीरें साझा कीं। एक फोटों में अभिनेत्री ने फ्रॉक और मोतियों की नेकलेस पहना है, वहीं दूसरी तस्वीर में अभिनेत्री फैशन शो के पहली लाइन में बैठी हुई हैं। अभिनेत्री ने ट्वीट में लिखा कि जब मैं एक छोटी थी तो मैं खुद को मोतियों से सजाया, करती थी। अपने बाल भी खुद से काटती थी। जांघों तक मोजे और हील्स पहना करती थी। लोग मुझ पर हंसा करते थे। उन्होंने लिखा कि एक गांव से लंदन, पेरिस, न्यूयॉर्क फैशन वीक में पहली लाइन में बैठने तक का सफर। मुझे लगता है फैशन कुछ और नहीं बल्कि अभिव्यक्ति की आजादी है।

क्रोएशिया में कछुओं को समुद्र में छोड़े जाने से पहले दिखाती हुई एक एक्वेरियम की कर्मचारी पाउला।

रिटेल सेक्टर में अंबानी की तरह जोरदार धमाके की तैयारी में टाटा ग्रुप

नई दिल्ली (ईएमएस)। जिस तरह चीन में जैक मा और पोनी मा ने अलीबाबा और टेनसेंट के द्वारा वहां के इंटरनेट बिजनस पर पूरा अधिकार कर लिया है। उसी तरह भारत के 130 करोड़ लोगों के डेटा पर कंट्रोलिंग बिजनस केवल दो लोगों के बीच सिमट कर रह जाएगा। खबर है कि टाटा ग्रुप एक सुपर एप लेकर आने वाली है, जो चाइनीज वी चैट की तरह होगा। माना जा रहा है कि टाटा संस अपने सुपर एप के लिए अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट से हाथ मिला सकती है।रिपोर्ट के मुताबिक वॉलमार्ट 25 अरब डॉलर का निवेश टाटा ग्रुप में कर सकती है। टाटा ग्रुप सुपर एप की मदद से अपने फैशन, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रीटेल, ग्रॉसरी, इंश्योरेंस, फाइनैंशल सर्विसेज जैसे बिजनस को एक प्लैटफॉर्म पर लाएगी। इस सुपर एप पर डिजिटल कंटेंट, एजुकेशनल कंटेंट भी उपलब्ध होगा। मुकेश अंबानी और टाटा ग्रुप-दोनों के अपने-अपना फायदे हैं। मुकेश अंबानी को जियो के 40 करोड़ यूजर्स का फायदा है। इसके अलावा रिलायंस का रीटेल चेन भारत में सबसे बड़ा है। इसके करीब 12 हजार स्टोर्स हैं।वहीं टाटा ग्रुप के 100 से अधिक बिजनस हैं। वह चायपत्ती से लेकर कार तक बनाती है। हर कैटिगरीज के बिजनस के लिए कंप्लीट अलग-अलग सप्लाई चेन सिस्टम है।

इसकारण अगर टाटा ग्रुप एक ऐसा पोर्टल विकसित करती है जहां इसके वेंडर्स अपना सामान बेच सकते हैं,तब इसका दायरा काफी बढ़ जाएगा।इस बीच अगर वॉलमार्ट के साथ करार होता है,तब टाटा के पास फ्लिपकार्ट का समर्थन हासिल हो जाएगा। वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट का 16 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। टाटा ग्रुप के सामने कुछ चुनौतियां हैं। वह टेलिकॉम बिजनस से बाहर निकल चुकी है। अगर होती तो इस काम में फायदा होता। एयर इंडिया और एयरएशिया ग्रुप की हालत खराब है। अगर टाटा एविएशन सेक्टर में रहना चाहती है और एयर इंडिया जो कभी टाटा की कंपनी थी, उस खरीदती है तो उसे बहुत ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। टाटा ग्रुप पर 20 अरब डॉलर यानी 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। मुकेश अंबानी ने हाल ही में आरआईएल को नेट डेट फ्री किया है।

ब्रिटेन में तकनीकी गड़बड़ी से रोजाना 16 हजार कोरोना मामलों में हुई चूक

लंदन। ब्रिटेन में कोरोनावायरस पर चौंकाने वाले आंकड़ा सामने आया है। पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड के अनुसार, कोरोना परीक्षण के दौरान आईटी तकनीकी में गड़बड़ी होने के चलते ब्रिटेन में रोजाना तकरीबन 16 हजार कोरोना पॉजिटिव मामलों में चूक हुई है। यह आंकड़ा 25 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच का है। इसमें शनिवार को करीब 13 हजार और रविवार को लगभग 23 हजार नये मामलों को जोड़ा गया है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इसे देश के भविष्य के लिए चिंताजनक बताया है। पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड के मुताबिक, इस समस्या के बाद कोरोना पॉजिटिव लोगों को तो सूचित किया गया लेकिन इनके संपर्क में आने वालों लोगों को ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई। हालांकि अब इस तकनीकी समस्या को ठीक कर लिया गया है लेकिन इससे कोरोना वायरस डैशबोर्ड पर सरकार के पिछले सप्ताह के कोरोना के मामले रोजाना मामलों की तुलना में कम संख्या में थे। इस हफ्ते के अंत तक 11 हजार कोरोना के मामले सामने आए थे, लेकिन डैशबोर्ड पर केवल 7 हजार मामलों को ही जोड़ा गया।

वहीं, सरकार के वैक्सीन टास्कफोर्स के अध्यक्ष, कैट बिंघम ने बताया है कि ऐसी स्थिति में कोरोनावायरस के मद्देनजर ब्रिटेन की आधी से भी कम आबादी का टीकाकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा %कोरोनावायरस के टीकाकरण में 50 से ऊपर की उम्र के वर्ग के लोगों को शामिल किया जाएगा, लेकिन इसमें 18 साल से कम उम्र के वर्ग को नहीं लिया जाएगा।% वहीं, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने चेताते हुए कहा कि क्रिसमस त्योहार पर यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है। ऐसे में देश में कोरोनावायरस पर पार पाना मुश्किल हो जाएगा।

महिन्द्रा की थार की पहले चार दिन में 9,000 बुकिंग

नई दिल्ली। महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा ने मंगलवार को कहा कि उसकी नई एसयूवी थार को इसकी बुकिंग शुरू होने के चार दिन के भीतर ही 9,000 बुकिंग मिल गई हैं। कंपनी ने कहा कि पहले चरण में देश के 18 शहरों में ही उसकी बुकिंग शुरू हुई है। इन शहरों में एसयूवी की टेस्ट ड्राइविंग और डेमो प्रदर्शन की भी सुविधा उपलब्ध है। एसयूवी के लिए टेस्ट ड्राइव सुविधा केवल 18 शहरों में ही उपलब्ध होने के बावजूद हमें नई थार के लिए इसको पेश करने के बाद से अब तक 9,000 की बुकिंग प्राप्त हो गई है।

इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट की तस्वीरें लीक

नई दिल्ली। अपनी लांचिंग से पहले ही इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट की तस्वीरें लीक हुई हैं, जिनमें इस कार के एक्सटीरियर की झलक दिखती है। मल्टी पर्पस वीइकल यानी एमपीवी सेगमेंट की कार टोयोटा इनोवा क्रिस्टा का फेसलिफ्ट वर्जन जल्द लॉन्च होने वाला है। लीक तस्वीरों में इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट के फ्रंट लुक में बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि, ओवरऑल एक्सटीरियर में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है।

दरअसल, इनोवा क्रिस्टा को साल 2016 के बाद से अपडेट नहीं किया गया है, ऐसे में लग रहा है कि इसके फेसलिफ्ट वर्जन में एक्सटीरियर नहीं तो इंटीरियर में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इंजन में भी कुछ चेंजेज देखने को मिल सकते हैं। टोयोटा इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट अगले साल यानी 2021 की शुरुआत में लॉन्च हो सकती है।टोयोटा इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट वर्जन की लीक तस्वीरों के मुताबिक, इस कार के फ्रंट डिजाइन को अपडेट किया गया है और इसमें नया बंपर लगाया गया है। साथ ही रनिंग लाइट और फॉग लैंप पोजिशन में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टोयोटा इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट वर्जन में फ्रंट ग्रिल के आकार में बदलाव की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन लीक तस्वीरों के मुताबिक, इसके ग्रिल में ज्यादा चेंजेज नहीं हुए हैं। हालांकि, तस्वीरें टोयोटा इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट वर्जन के बेस मॉडल की हैं, ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस एमपीवी के बाकी मॉडल्स में किस तरह के बदलाव किए गए हैं। बाकी फीचर्स की बात करें तो इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट में ऐंड्रॉयड ऑटो और ऐपल कार प्ले के साथ ही नए तरह का इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन सिस्टम, ज्यादा एयरबैग और एडजस्टेबल सीट्स मिल सकती है।

साथ ही इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट में ज्यादा गियरबॉक्स दिया जा सकता है। वहीं एमजी ने भी भारतीय बाजार में एमजी हेक्टर प्लस उतार दी है, जो कि फीचर्स के मामले में इनोवा क्रिस्टा को कड़ी टक्कर दे रही है।भारत में इस साल किआ ने कार्निवल उतारकर इनोवा क्रिस्टा और बाकी हाई रेंज एसयूवी-एमपीवी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की है। अब देखना होगा कि इनोवा क्रिस्टा फेसलिफ्ट में क्या कुछ नया होगा, जो लोग इसकी किआ कार्निवल से तुलना करेंगे। टाटा भी आने वाले समय में ग्रैविटास लॉन्च करने वाली है, जिसकी टक्कर इनोवा क्रिस्टा से होगी।

एक महीने में तीन रुपए सस्ता हुआ डीजल

मुंबई (ईएमएस)। पिछले एक महीने में सरकारी तेल कंपनियों ने डीजल के दाम में काफी कटौती की है। 3 अगस्त से इसके दाम में या तो कटौती हुई या फिर इसके दाम स्थिर रहे। उससे महीने भर में डीजल 3.10 रुपए प्रति लीटर सस्ता हो चुका है। हालांकि आज तेल कंपनियों ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपए पर स्थिर है। वहीं एक लीटर डीजल के दाम 70.46 रुपए है। अगस्त महीने के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिली थी। दिल्ली में ही करीब 16 किस्तों में पेट्रोल के दाम में कुल 1 रुपए 65 पैसे का इजाफा किया गया था। हालांकि कुछ समय में लिए इसमें कमी भी हुई है। 21 सितंबर तक इसमें करीब 1.02 रुपए प्रति लीटर की कमी हुई है। मंगलवार 06 अक्टूबर को दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 70.46 रुपए प्र?ति ?लिटर, मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 76.86 रुपए प्र?ति ??लिटर, कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपए प्र?ति ??लिटर, डीजल 73.99 रुपए प्र?ति ??लिटर और चेन्नई में पेट्रोल 84.14 रुपए प्र?ति ?लिटर और डीजल 75.95 रुपए प्र?ति ?लिटर ?बिक रहा है।

सेंसेक्स 39,300 और निफ्टी 11600 के पार

मुंबई (ईएमएस)। वै?श्विक बाजारों से ?मिले अच्छे संकेतों और खरीदारी का जोर रहने से मंगलवार के कारोबारी ?दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने अच्छी तेजी के साथ शुरुआत की है। सेंसेक्स में करीब 370 अंकों की बढ़त देखने को मिल रही है। दिग्गज शेयरों के साथ ही मिडकैप शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है। बीएसई सेंसेक्स कारोबार के शुरुआती दौर में 366.76 अंक बढ़कर 39,340.46 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई का निफ्टी भी इस दौरान 92.35 अंक बढ़कर 11,595.70 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इस दौरान एचडीएफसी पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही। सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर हरे निशाल में कारोबार कर रहे थे। इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 276.65 अंक बढ़कर 38,973.70 अंक और निफ्टी 86.40 अंक बढ़कर 11,503.35 अंक पर बंद हुआ।

जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को 20,000 करोड़ जारी करेगी सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा कि वह जीएसटी क्षतिपूर्ति के बकाया के मद में राज्यों को 20,000 करोड़ रुपए जारी करेगा। जीएसटी परिषद की 42वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जिन राज्यों को एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी)के हिस्से में 2017-18 के लिए कम प्राप्त हुआ, केंद्र उनके लिए अगले सप्ताह 24,000 करोड़ रुपए जारी करेगा। राज्यों को क्षतिपूर्ति जारी करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा ?कि इस साल हमने अब तक जो भी संग्रह किया है, 20,000 करोड़ रुपए का वितरण राज्यों को किया जाएगा। राज्यों को अप्रैल-जुलाई के लिए 1.51 लाख करोड़ रुपढ की क्षतिपूर्ति की जरूरत है। आईजीएसटी के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि कुछ राज्यों को अधिक आईजीएसटी का वितरण हुआ है, उसे वापस लिया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह राशि कितनी है। सीतारमण ने कहा कि अगले सप्ताह के मध्य में उन राज्यों को 24,000 करोड़ रुपए जारी किया जाएगा, जिन्हें आईजीएसटी के हिस्से में वास्तविक बकाया के मुकाबले कम प्राप्त हुआ है। मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जून 2022 के बाद भी जीएसटी उपकर जारी रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पहले जीएसटी उपकर लगाये जाने की समयसीमा जून 2022 थी। उन्होंने कहा ?कि क्षतिपूर्ति उपकर पांच साल के बाद भी यानी जून 2022 के बाद भी लगाए जाने का निर्णय किया गया है। यह उतनी अवधि के लिए लगाया जाएगा, जो राजस्व अंतर को पूरा करने के लिये जरूरी होगा। जीएसटी ढांचे के तहत कर 5, 12, 18, और 28 प्रतिशत के स्लैब में लगाए जाते हैं।

कार, तंबाकू पर उपकर जून 2022 के बाद भी लागू रहेगा

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद ने कार और तंबाकू जैसे उत्पादों पर उपकर जून 2022 के बाद भी लगाने का निर्णय किया लेकिन परिषद राज्यों को कर राजस्व के नुकसान के एवज में क्षतिपूर्ति के उपायों पर आम सहमति बनाने में विफल रही। परिषद की बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने कहा कि क्षतिपूर्ति के मामले में विचार के लिए परिषद की 12 अक्टूबर को फिर बैठक होगी। वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जीएसट के प्रभाव में आने के बाद यह कर की दरों और ढांचे के बारे में निर्णय करती है। परिषद राजनीतिक विचारों के आधार पर बटी नजर आई। जहां गैर-भाजपा शासित और उसको समर्थन देने वाले दलों ने केंद्र के राजस्व में कमी की भरपाई कर्ज लेकर करने के प्रस्ताव का विरोध किया। ऐसा लगता है कि राज्य क्षतिपूर्ति का मामला परिषद में मतदान की ओर बढ़ रहा है। जो विकल्प अधिक संख्या में राज्य चुनेंगे, उसे लागू किया जाएगा।

विकास के लिए एआई में विशाल संभावनाएं- प्रसाद

नई दिल्ली। आईटी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सोमवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) में विकास के लिए विशाल संभावनाएं हैं और भारत अपने कुशल पेशेवरों की मदद से इस अवसर का फायदा उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने रेज 2000 शिखर सम्मेलन में कहा कि प्रस्तावित डेटा संरक्षण कानून से देश की डेटा अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। एआई तभी सार्थक होगा, जब यह आम भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाएगा। प्रौद्योगिकी का विकास जारी हैद्ब हम एआई का स्वागत करते हैं क्योंकि इसमें विकास करने की क्षमता है और ये समानता और आपूर्ति को बढ़ावा देता है।

आज का राशिफल

मेष :- आरोग्य-भय, बाधा से बचें, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, आशानुकूल सफलता का लाभ होगा।

वृष :- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा स्त्री वर्ग से हर्ष होगा।

मिथुन :- लेनदेन के मामलों में अधिक व्यय की सम्भावना है, इष्ट मित्र सुखवर्धक होवें।

कर्क :- अधिकारियों के मेल-मिलाप से सुख-सामर्थ्य में वृद्धि तथा कार्यकुशलता से लाभ होगा।

सिंह :- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य बनें, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

कन्या :- परिश्रम से कुछ सफलता जुटा सकते हैं, कार्यवृत्ति में सुधार अवश्य ही होगा।

तुला :- स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि होगी, कार्य बनेंगे।

वृश्चिक :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, तनाव-क्लेश व अशांति, अरोप व विभ्रम अवश्य ही होगा।

धनु :- स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक व्याधि, स्वभाव में उद्विघ्नता बनेगी।

मकर :- धन लाभ, समय पर सोचे हुए कार्य बनेंगे, कार्य वृत्ति में सुधार अवश्य ही होगा।

कुम्भ :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, अधिकारी वर्ग के तनाव से आप अवश्य ही बचें।

मीन :- कार्यगति में अनुकूलता, चिन्ताएद्ब कम होंगी, सफलता के साधन अवश्य ही जुटायेंगे।

अनन्या ने खाली पीली की फर्स्ट लुक की तस्वीरें की शेयर

अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी फिल्म %खाली पीली% की रिलीज से पहले अपने किरदार पूजा के फर्स्ट लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन पुरानी तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि पूजा के लिए फर्स्ट लुक टेस्ट की पुरानी तस्वीरें और अब यह फिल्म दो दिन में रिलीज हो रही है। हैशटैग2डेजगो हैशटैगखालीपीली 2 अक्टूबर को जीप्लेक्सोऑफिशियल और जी5 पर रिलीज हो रही है। अनन्या इन तस्वीरों में से एक में एक सफेद टॉप और शॉर्ट्स में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं, जबकि दूसरे में पिंक आउटफिट पहनीं अनन्या अपनी नियॉन चूड़ियों को फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। उनके प्रशंसकों को अनन्या की तस्वीरें काफी भा रही हैं, किसी ने उन्हें हॉट कहा, तो किसी को वह प्रिटि लगीं। बता दें कि अनन्या फिल्म में अभिनेता ईशान खट्टर के विपरीत नजर आएंगी। खाली पीली के अलावा अनन्या के पास शकुन बत्रा की भी एक फिल्म है, जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कलाकार हैं। अनन्या आने वाले समय में विजय देवरकोंडा संग भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

जनता भगवान है और भगवान का आशीर्वाद जरूर मिलेगा: राजौरिया

मुरैना। विधानसभा मुरैना से उप चुनाव के बसपा प्रत्याशी रामप्रकाश राजौरिया ने गोकुल गार्डन स्थित अपने चुनाव कार्यालय पर मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि एक बार पुन: बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन मायावती ने मुझ पर विश्वास जताते हुये मुझे बसपा का उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि जनता ने वर्ष 2013 में मुझे भरपूर प्यार व आशीर्वाद दिया था। विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता भगवान स्वरूप है और एक बार पुन: भगवान का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। श्री राजौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में खनन माफिया के साथ-साथ राजनैतिक माफिया भी पूरी तरह से सक्रिय है, जब तक माफियाओं का खुलकर विरोध नहीं किया जायेगा, वे इसी प्रकार की हरकतें करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा में भेजा था, इन्होंने जनता के विश्वास को तोडा बल्कि राजनैतिक माफियाओं के साथ मिलकर विश्वास को बेचा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति के इशारे पर उन्होंने जनता के बोट को बेचने का कार्य किया है उसके लिये यह कोई नया कार्य नहीं है। आजादी से पूर्व उनके पूर्वजों ने भी झांसी की रानी के साथ गद्दारी की थी। अब जनता ऐसे गद्दारों को सबक जरूर सिखायेगी। श्री राजौरिया ने कहा कि जनता के आशीर्वाद यदि मैं विधानसभा में पहुंचा तो इन माफियाओं के विरूद्ध सबाल उठाऊंगा। बहुजन समाज पार्टी संघर्ष से बनी है और हम अपनी बात डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान अनुसार संवैधानिक तरीके से उठाते रहे हैं। दलबदलू के प्रश्न पर बोलते है श्री राजौरिया ने कहा कि मैं अपने घर वापिस आया हूँ, उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि यदि कोई बच्चा रूठ जाये तो उसे अपने घर वापिस आने का पूरा अधिकार है। 15 साल की भाजपा सरकार का शासन हो या 15 माह का कांग्रेस का शासन दोनों की ही सत्ता के दौरान माफियाओं को हौंसले बुलंद रहे। रेत और पत्थर के माफिया लोगों को सरेआम कुचल कर मारते रहे है, इन पर प्रशासन अंकुश नहीं लगा पाया है। उन्होंने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट से मांग करेंगे कि रेत और पत्थर पर रॉयल्टी लागू की जाये जिससे आम लोगों का जीवन बचाया जा सके। दोनों ही सरकार के कार्यकाल को लेकर कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में आई तो उन्होंने सिर्फ स्थानांतरण उद्योग की चलाया और वही कार्य आचार संहित लगने से पूर्व तक भाजपा सरकार ने किया।

जिला अस्पताल में लगाया शिविर 50 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

श्योपुर। जिला चिकित्सालय में गत रोज वरिष्ठ समाजसेवी स्व. ओमप्रकाश मीणा की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। इस मौके पर मुख्य रूप से एसपी श्योपुर सम्पत उपाध्याय, विधायक बाबू जंडेल, एसडीएम रूपेश उपाध्याय मौजूद रहे।

यह जानकारी देते हुए रक्तदान शिविर आयोजक दीनबंधु मीणा ने बताया कि स्व. ओमप्रकाश मीणा की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान कर सहभागिता की जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने संबोधित करते हुए रक्तदान को महादान बताया तथा कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में मानवता का विकास होता है तथा लोग एक दूसरे की मदद के लिए आगे आते हैं। यह रक्तदान कई लोगों के लिए जीवनदान बनेगा। इस दौरान एसपी सम्पत उपाध्याय एवं एसडीएम रूपेश उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिविल सर्जन डॉ. आरबी गोयल, योगेश जाट, गिर्राज चौधरी, संजीव कुशवाहा, पूर्व जेसीआई अध्यक्ष आशीष चौहान, सिराज दाऊदी, राधेश्याम मीणा, राजेन्द्र मीणा ननावद सहित सहयोगी संस्थाओं के संस्था प्रमुख पुष्पाश्री फाउण्डेशन अरुण ओसवाल, स्व. मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास प्रमुख महावीर गुप्ता, लाइफकेयर सोसायटी प्रमुख डॉ. खेमचंद जैन, राष्ट्रभक्त युवा संगठन प्रमुख विवेक भारद्वाज, जिलाध्यक्ष संजय मंगल, महामंत्री मुकेश हिरनीखेड़ा, मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मंत्री राजा खान, विधिक सलाहकार मुकेश मीणा कोटरा सहित आदि सहयोगी संस्था के संस्था प्रमुख मौजूद थे। अंत में आयोजन को सफल बनाने के लिए स्व. ओमप्रकाश मीणा स्मृति सेवा न्यास प्रमुख दीनबंधु मीणा, मुकेश मीणा, अशोक मीणा ने सभी के प्रति आभार जताया।

स्काउट गाइड ने भी किया सहयोग: भारत स्काउट गाइड जिला संघ श्योपुर ने भी इस रक्तदान शिविर में सहयोग किया, जिस पर अतिथियों ने स्काउट के छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर स्काउट के जिला संगठक ओपी सिकरवार, अरशद खान, चेतन गौड़, हर्षिंदर सिंह सिसौदिया आदि मौजूद थे।

हार के डर से एडिट वीडियो वायरल कर रही भाजपा और बसपा:बैरया

दतिया। भाजपा हार के डर से बौखला गई है इसी बौखलाहट में मेरे वीडियो से छेड़छाड़ करके भाजपा और बसपा वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए जातिगत एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के उद्देश्य से मेरे वीडियो वायरल कर रही है। यह बात भाण्डेर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। इस मौके पर सेंवढ़ा विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व विधायक नरेन्द्र भारती, जिला अध्यक्ष नाहर सिंह यादव, प्रदेश सचिव कौशल सिंह यादव मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बरैया ने कहा कि भाजपा का आईटी सेल उसे बदनाम करने में लगा है एवं जो मैंने कभी बोला ही नहीं वह मनगढ़ंत बातें वीडियो में सामने लाकर दुष्प्रचार कर रहा है। इस दुष्प्रचार में बसपा के भी कुछ नेता शामिल हैं जो कूटरचित वीडियो एवं ऑडियो सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाण्डेर सहित उपचुनाव की सभी 28 सीटें कांग्रेस जीत रही है इससे डर कर भाजपा और बसपा झूठ फैला रही है एवं अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के उद्देश्य से यह कार्य कर रहे हैं।

फूलसिंह बरैया ने कहा कि उनके खिलाफ भ्रामक दुष्प्रचार फैलाने वाले तथाकथित भाजपा, बसपा एवं व्यक्तियों के खिलाफ निर्वाचन आयोग पुलिस प्रशासन एवं अधिकारी आदि आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करें अन्यथा उन्हें ही विवश होकर न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा। पूर्व मंत्री महेन्द्र बौद्ध के कांग्रेस बसपा से चुनाव लड़ने को लेकर बरैया ने कहा कि भाजपा को केवल कांग्रेस ही हरा सकती है। बौद्ध के चुनाव लड़ने से कांग्रेस को कोई ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक सम्पन्न

दतिया। गत रोज महाराजा खेतसिंह पार्क दतिया में क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक विकास व उन्नति के लिए समाज के वरिष्ठजनों से विचार विमर्श किया गया। समाज बंधुओं ने सर्वप्रथम पार्क में फैली गंदगी की साफ-सफाई की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के गठन की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर पंजाब सिंह, राकेश नेताजी, उमेश परिहार, राजकुमार खंगार, सुल्तान परिहार, रामकिशुन, जगदीश परिहार, प्रवीण खंगार, कोमल सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

186वां कविता पर्व ऑनलाइन सम्पन्न

दतिया। डॉ. आलोक द्वारा वर्षों से आयोजित किया जाने वाला कविता पर्व निश्चित ही अनुकरणीय है। नए कवियों एवं साहित्यकारों के लिए यह प्रेरणास्पद मंच है। यह विचार डॉ. आलोक संस्थान के तत्वावधान में ऑनलाईन आयोजित 186वें मासिक कविता पर्व में बतौर मुख्य अतिथि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया के प्राचार्य डॉ. डीआर राहुल ने व्यक्त किए। अध्यक्षता संस्थान के मुख्य संरक्षक प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. एलआर सोनी सीकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शशिकिरण संदेश समाचार पत्र में सम्पादक रवीन्द्र सत्यार्थी उपस्थित रहे।

कविता पर्व में सभी कवियों ने अपने-अपने घरों पर रहकर अपनी रचनाओं को व्हाट्सअप ग्रुप पर वीडियो के माध्यम से सुनाकर आनंद लिया। सरस्वती वंदना चिरगांव के अशोक कुमार स्वर्णकार ने प्रस्तुत कर कविता पाठ भी किया। अतिथि कवि के रूप में मौजूद मांगीलाल मरमिट तथा सलीम खान विजयपुर उपस्थित रहे। इतिशा दांगी ने मधुशाला पर रचना सुनाई। ईमाम डॉ. माशूक अली ने गरीब पर रचना सुनाई। वहीं विजयपुर के युवा कवि सलीम खान ने उत्कृष्ट रचनाओं को पाठ किया। स्थानीय कवि डॉ. राज गोस्वामी, रामस्वरूप साहू ने बेहतरीन कविता पाठ किया। अक्षेश श्रीवास्तव अशोक स्वर्णकार बेहतरीन रचनाएं सुनाई। विजयपुर के मांगीलाल मरमिट ने डॉ. आलोक सोनी को उत्कृष्ट संचालन के लिए बधाई दी। राजेन्द्र सिंह खेंगर, दिलशेर खान, कुमकुम राजे, पत्रकार, अनवर खान, अरविंद हर्ष सहित अनेक कवियों ने ऑनलाईन कविताओं का आनंद लिया।

कांग्रेस ने शुरू किया कृषि अध्यादेश के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

श्योपुर। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में लाए गए कृषि अध्यादेश के खिलाफ व बिल को किसान हित में तत्काल वापस करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की है जो जिले में सभी ब्लॉक व मंडल स्तर तक चलाया जाएगा। इसी के तहत श्योपुर रमें भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय के अंबेडकर पार्क से अभियान का शुभारंभ किया।

अंबेडकर पार्क में अभियान का आगाज करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान ने बताया कि अभियान के तहत अगले डेढ़ माह में गांवों तक किसानों से इस किसान व खेती विरोधी बिल के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चालू किया गया है इसके तहत इन बैनरों पर हजारों किसानों के हस्ताक्षर के बाद में इनको प्रदेश कांग्रेस के जरिए अखिल भारतीय कांग्रेस पूरे देश के किसानों के बैनर करोड़ों की संख्या में किसानों के हस्ताक्षर के साथ राष्ट्रपति को देकर इस बिल को किसान के हित में वापस लेने की मांग की जाएगी। श्योपुर में दो सैकड़ा किसानों ने इस बैनर पर हस्ताक्षर किए।

कलेक्टर ने किया मतदाता जागरूकता रथ रवाना

गुना। बमोरी विधानसभा के उपचुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मतदाताओं को जागरूक करने का काम भी जिला प्रशासन ने शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी राजेश कुमार सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया है। जिला कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने बताया कि यह मतदाता जागरूक रथ बमोरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में घूमकर 18 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं को अपना मत प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का काम करेगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस बार कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान करवाने का लक्ष्य रखा गया है और इसी कड़ी में यह जत्था भी रवाना कर मतदाताओं को अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का काम करेगा।

आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों में लगेंगे नल कनेक्शन

श्योपुर। प्रभारी कलेक्टर एसआर नायर के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल परीक्षण एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिदिन पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण किया जाकर स्वच्छता का सर्वे कराया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री पीएचई संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इस पखवाड़े के अंतर्गत जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2024 तक सभी को नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें इस बात का भी ध्यान रखा गया है, कि कोई आंगनवाड़ी, कोई शाला, कोई भी शासकीय भवन पेयजल व्यवस्था से विहीन न रहे। पखवाड़े में 2 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम यही रहा कि महात्मा गांधी जी को याद उनके स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।

जिला सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर ने गत रोज जयंती के अवसर पर सभी से ग्राम में जल को बचाने के लिए व व्यर्थ न बहाने की समझाइश दी। साथ ही ग्राम पंचायतों के समस्त पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण करने की पहल की। इसी प्रकार पेयजल उपभोक्ता समितियों से चर्चा कर सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के लिए चर्चा की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन की ग्राम कार्य योजना का अनुमोदन किया। इस पखवाड़े के अंतर्गत सभी ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन की कार्य योजनाओं को सभी सचिवों द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में अनुमोदन करने की पहल की। गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों में कार्यपालन यंत्री संतोष श्रीवास्तव, सहायक यंत्री ओपी नागर, जिला सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर, उपयंत्री भरत भूषण, उपयंत्री मनीष भास्कर उपस्थित रहे।

मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी

भाण्डेर। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मतदान का प्रयोग करना होगा, जब तक लोग मतदान के लिए जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए सभी लोगों को जागरूक होकर मतदान करना चाहिए। मतदान मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है मतदान मतदाताओं का अधिकार है, जिसका प्रयोग हर हाल में करना चाहिए। यह बात जनपद सीईओ ऑफीसर सिंह गुर्जर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मुस्तरा में बैलगाड़ी से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकालते हुए कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही कोरोना से बचाव के तरीकों के प्रयोग के लिए लोगों को समझाइश दी एवं मास्क भी वितरित किए। साथ ही सभी को 3 नवम्बर को होने वाले चुनाव में मतदान के लिए शपथ भी दिलाई।

संविधान में महिलाओं को मिले कई अधिकार

श्योपुर। जिले के ग्राम कोटरा में गत रोज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश आरएम भगवती मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधिक सेवा अधिकारी विभूति तिवारी ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए पैरालीगल वॉलिंटियर मुकेश मीणा ने बताया कि ग्राम कोटरा में गत रोज विधिक जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इस मौके न्यायाधीश श्री भगवती ने कहा कि महिलाओं को संविधान में कई अधिकार प्राप्त हैं जिससे वे अपने अधिकारों को प्राप्त कर शोषण और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकती हैं। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन पैरालीगन वॉलिंटियर्स राजा खान ने किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन ने भी महिलाओं को विभाग द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमती रत्ना जादौन, सुश्री सुनीता अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच रवि त्यागी, पंचायत सचिव खलील अहमद, सहायक सचिव रामदास आदिवासी, पर्यवेक्षक सरला, शिक्षक रमेश माहौर, रमेश शर्मा, लोकेन्द्र जाट, विजेन्द्र जाट आदि मौजूद रहे।

दिमनी विधानसभा के लिए नाम निर्देशन का कार्य 9 से

मुरैना। विधानसभा उप निर्वाचन 2020 का निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराए जाने हेतु विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी के लिए नाम निर्देशन का कार्य 9 अक्टूबर 2020 से किया जाना है। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ फार्म-26 पर शपथ पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। शपथ पत्रों का प्रकाशन ग्राम पंचायत भवन दिमनी पर किया जाए तथा अन्य सूचना भी प्रकाशित की जाएगी। ग्राम पंचायत दिमनी के पंचायत सचिव यदुवीर सिंह तोमर को निर्देशित किया है कि वे प्रत्येक दिन नाम निर्देशन स्थल से दोपहर 3 बजे शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी सर्वेश यादव तहसीलदार अंबाह से प्राप्त कर ग्राम पंचायत भवन दिमनी पर चस्पा कर प्रकाशित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, यह जानकारी ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी ने दी है।

अनुमति लेकर ही आम सभा करें

मुरैना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा है कि वे आमसभा का आयोजन अनुमति लेकर ही करें। अनुमति के लिए आवेदन ऑनलाइन, ऑफलाइन किए जा सकते हैं। अनुमति सभी को पहले आए, पहले पाएं के सिद्धांत पर ही दी जाएगी। अनुमति देने के लिए पृथक से अधिकारी, कर्मचारी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालयों पर झण्डा एवं अन्य प्रचार सामग्री लगाने से पूर्व अनुमति ली जाए जो भी सामग्री चुनाव कार्यालय पर लगेगी उसे पार्टी खर्च में जोड़ा जाएगा।

चैक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए

मुरैना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन 2020 की आदर्श आचरण संहिता की घोषणा की जा चुकी है। विधानसभा क्षेत्र 03 सबलगढ़ के अंतर्गत अटारघाट चैक पोस्ट पर आयोग के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाएं। विगत विधानसभा निर्वाचन 2020 एवं लोकसभा निर्वाचन 2019 में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।

निर्वाचन कार्य से ड्यूटी मुक्त करने हेतु समिति गठित

मुरैना। विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के लिए एसएसटी, एफएसटी, व्हीएसटी मतदान दल आदि में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कई अधिकारीा, कर्मचारियों के निर्वाचन ड्यूटी मुक्त होने के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनुराग वर्मा ने निर्वाचन कार्य से ड्यूटी मुक्त करने हेतु समिति का गठन किया है। इस समिति में अपर कलेक्टर मुरैना अध्यक्ष रहेंगे। सदस्य के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग और जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग रहेंगे।

अस्पताल का जायजा लेने आएगी कायाकल्प टीम

श्योपुर। जिला अस्पताल की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कायाकल्प की एक टीम इसी सप्ताह श्योपुर आने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। यहां बता दें कि जिला अस्पताल दो बार कायाकल्प का पुरस्कार जीत चुका है। इस साल भी जिला अस्पताल को कायाकल्प का पुरस्कार जीतने की उम्मीद अस्पताल प्रबंधन लगा रही है। यही वजह है कि अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल की साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए अपनी ताकत लगाना शुरूकर दिया है। इसके मद्देनजर सिविल सर्जन ने भी अधीनस्थ स्टाफ को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में दिशा निर्देश दे दिए हैं। निर्देशों के बाद जिला अस्पताल में साफ-सफाई का काम युद्धस्तर पर किया जाना शुरू हो गया है।

अमित बने पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष

श्योपुर। पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष पद पर अमित सिंह चौहान को मनोनीत किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुकेश पाराशर ने बताया कि योग के माध्यम से जिलेभर में योग एवं आयुर्वेद का प्रचार प्रसार करते हुए कई लोगों को योग से रोजगारवान बनाने वाले अमित सिंह चौहान को पुन: पतंजलि योग समिति का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। श्री चौहान द्वारा स्वदेशी अभियान से कई लोगों को जोड़ते हुए उनके जीवन में स्फूर्ति दिलाई गई तथा उनके द्वारा किए गए कार्य आज जन-जन के लिए योग और आयुर्वेद का उदाहरण बन गए हैं। उनकी कार्य कुशलता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा उन्हें पतंजलि का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, इसके पूर्व वे जिला प्रभारी का दायित्व भी संभाल रहे हैं। श्री चौहान को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर गिर्राज गौतम, नरेश चौरसिया, विष्णु बंसल, गिर्राज शर्मा, रोशन मित्तल, विमला परिहार, गायत्री शर्मा, माधुरी अंधारे, अनुराग तिवारी, देवेन्द्र शर्मा आदि ने बधाई दी है।

विद्युत निजीकरण विरोधी संयुक्त मोर्चा ने दिया ज्ञापन

श्योपुर। विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण प्रस्ताव के विरोध में गठित संयुक्त मोर्चा के बैनर तले श्योपुर के बिजलीकर्मियों ने गत रोज कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रभारी कलेक्टर को दिया और निजीकरण के प्रस्ताव को निरस्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में निजीकरण विरोधी संयुक्त मोर्चा ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय किसी भी स्थिति में विद्युत क्षेत्र और उपभोक्ताओं के लिए हितकर नहीं है। इसलिए शासन निजीकरण के प्रस्ताव को निरस्त करें, अन्यथा इसके विरोध में संयुक्त मोर्चा की अगुवाई में पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन शुरू किया जाएगा।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने पांडोला में किया पौधरोपण

श्योपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गत रोज ग्राम पांडोला में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें एक दर्जन छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए पैरालीगल वॉलिंटियर हनुमान तिवारी ने बताया कि आज ग्राम पांडोला में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश आरएम भगवती एवं विधिक सहायता अधिकारी विभूति तिवारी के आतिथ्य में पांडोला के बाली शिक्षा केन्द्र एफ पर पौधारोपण किया गया, तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी रिशु सुमन, पुलिस एसआई कुशवाह, अधिवक्ता श्रीमती रत्ना जादौन, सुनीता अग्रवाल, सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सानू कुरैशी, बाल संरक्षण अधिकारी विष्णु दुबे, बाल शिक्षा केन्द्र की कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा, सहायिका एकता बैरवा आदि मौजूद थे।

थर्मिट विधि से
रेल व रिपेयर
वैल्डिंग में अग्रणी

विदेशी मुद्रा बचाने व देश में आधुनिकतम तकनीकी विस्तार में रत आयात प्रतिस्थापना के लिए पुरुस्कृत

दि इण्डिया थर्मिट कार्पोरेशन लि.
84/22 फजलगंज, कानपुर (उ.प्र.)

मुख्यमंत्री ने दिए आदेश-खासगी ट्रस्ट की बेची गई संपत्ति और अवैध निर्माण की जांच करेगी ईओडब्ल्यू

ट्रस्ट की देशभर के 26 राज्यों में 246 संपत्ति हैं, जिसमें 138 मंदिर, 18 धर्मशालाएं, 34 घाट, 12 छतरियां, 24 बगीचे एवं कुंड हैं

भोपाल। शिवराज सरकार ने खासगी ट्रस्ट की बेची गई संपत्ति, अवैध निर्माण और संपत्ति खुद-बुर्द करने के आरोपों की जांच ईओडब्ल्यू करेगी। मंगलवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदेश दे दिए हैं। हाईकोर्ट ने सोमवार को आदेश में कहा था कि खासगी ट्रस्ट ने जितनी भी संपत्तियां बेची हैं, उनके सौदे शून्य करवाकर शासन इन संपत्तियों पर कब्जा लेने का प्रयास करे। इसके साथ ही कोर्ट ने 250 संपत्तियां शासन के अधीन करने का आदेश सुनाया था।

मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश देते हुए कहा कि खासगी ट्रस्ट की जो संपत्ति बेची गई हैं, उन पर अवैध निर्माण हुआ है, खुर्दबुर्द के आरोप लगे हैं, इसलिए इसकी जांच ईओडब्ल्यू से कराने का निर्णय लिया गया है। उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री के पीएस, ओएसडी मकरंद देउसकर, डीजी ईओडब्ल्यू शामिल थे। खासगी ट्रस्ट की देशभर में 26 राज्यों में 246 संपत्ति हैं, जिसमें 138 मंदिर, 18 धर्मशालाएं, 34 घाट, 12 छतरियां, 24 बगीचे और कुंड शामिल हैं। शिवराज ने कहा कि खासगी ट्रस्ट की संपत्ति जिन व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से बेची गई है, अब उन पर सरकार कार्रवाई करेगी। साथ ही ट्रस्ट की संपत्तियों को वापस लेने का हरसंभव प्रयास सरकार करेगी।

-रेवेन्यू के साथ पुलिस की स्पेशल टीम बनेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि खासगी ट्रस्ट की संपत्तियों पर जो निर्माण हुआ है, उन्हें हटाया जाएगा और उसकी मूल स्थिति में पहुंचाया जाएगा। ट्रस्ट की संपत्तियों को वापस लेने के लिए स्पेशल पुलिस स्क्वाड, रिवेन्यू की एक टीम का गठन किया जाए।

-यह संपत्ति देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हैं

खासगी ट्रस्ट को देखभाल के लिए मिली संपत्तियां बेचे जाने के मामले में हाईकोर्ट में दायर की गई शासन की अपील पर सोमवार को विस्तृत आदेश जारी किया था। इसमें हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि ट्रस्ट और ट्रस्टी को 26 राज्यों में 246 संपत्ति केवल देखभाल के लिए मिली थी। इन संपत्तियों को कौड़ियों के दाम पर बेचा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस काम के लिए ट्रस्ट ने सप्लीमेंट्री डीड बना ली थी जो पूरी तरह गलत थी। इसे भी शून्य घोषित किया जाता है। जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा, जस्टिस शैलेंद्र शुक्ला की खंडपीठ ने फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव, संभागायुक्त व कलेक्टर की कमेटी गठित की है। यह कमेटी संपत्ति खरीदे-बेचे जाने की जांच करेगी। इसमें किसी तरह लापरवाही मिलती है तो आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को पूरा मामला सौंपा जाएगा। वहीं, संभागायुक्त को आदेश दिए हैं कि हरिद्वार में कुशावर्त घाट सहित जितनी भी संपत्ति बेची हैं उन्हें वापस लाने का प्रयास करें। आम जनता वहां पहुंच सके, ऐसी व्यवस्था करें। वहां के एसपी इस काम में संभागायुक्त के सहायक होंगे।

सिंधिया की संपत्तियों की भी हो जांच

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि ग्वालियर राजघराने द्वारा अपने आधिपत्य के पंजीकृत-अपंजीकृत ट्रस्टों के नाम पर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम व अफसरसाही से सांठगांठ कर अवैध तरीके से हथियाई गई अरबों रूपए की जमीनों, देवस्थलों, समाधियों को खुर्द-बुर्द कर उन्हें अवैध रूप से बेचने, उनमें किये गये अवैध निर्माणों, इनके माध्यम से की जा रही किराया वसूली और अवैध कब्जों को लेकर भी एक उच्च स्तरीय जांच करवाकर उनसे संबद्ध ट्रस्टियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1998 की धारा 13(1)डी., धारा 467,468,471 एवं 420 के तहत एफआईआर दर्ज करायें। संभव हो तो एसीएस मनोज श्रीवास्तव जैसे निष्पक्ष, निडर और भूमि मामलों के विशेषज्ञ अधिकारी को यह जिम्मा सौंपा जायें। मिश्रा ने अपने आरोपों को पुनः दोहराते हुये कहा कि इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि सिंधिया राजघराना पूरी तरह अपने राजनैतिक रसूख की वजह से व्यवसायिक होकर प्रदेश के सबसे बड़े भू-माफिया के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। मिश्रा ने मुख्यमंत्री से अपनी उस मांग को पुनः दोहराया है कि यदि वे भू-माफिया के खिलाफ कार्यवाही करने के वास्तविक पक्षधर है तो उनके निर्देश पर ही ज्योतिरादित्य सिंधिया के विरूद्ध जमीन घोटालो को लेकर ईओडब्ल्यू में दर्ज जो विभिन्न एफआईआर खत्म कर दी गई थी, उन्हें पुर्नजीवित किया जायें।

चुनावी सभा में कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन

कमलनाथ समेत 8 कांग्रेस नेताओं पर मुकदमा दर्ज

भोपाल। दतिया जिले के भांडेर में पूर्व सीएम कमलनाथ, कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी फूल सिंह बरैया, जिला अध्यक्ष नाहर सिंह यादव समेत 8 कांग्रेस नेताओं पर कोरोना गाइडलाइन की अनदेखी एवं हाई कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को भांडेर की कृषि उपज मंडी में हुई सभा के बाद शाम को ही एसडीएम द्वारा थाना भांडेर में कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर कराने का आवेदन दिया गया था। मंगलवार को थाना भांडेर में कमलनाथ सहित कई कांग्रेस नेताओं पर मामला दर्ज किया गया। प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग द्वारा सभा की वीडियोग्राफी कराकर सभा मे उपस्थित लोगों की संख्या का पता लगाने की कोशिश की गई थी। प्रशासन के मुताबिक, केवल 100 लोगों के उपस्थित होने की अनुमति थी परंतु सभा मे हजारों लोग उमड़े जिसमें तो तो सुरक्षित शारीरिक दूरी रखी गई और न ही मास्क लगाए गए। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के मास्क पूरे समय गले में झूलते ही दिखाई दिए थे। सभा के दौरान जब जिला और पुलिस प्रशासन के कुछ अधिकारी मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन करने का निर्देश दे रहे थे, इस पर कमलनाथ से इन अधिकारियों को धमकाते हुए कहा था कि भाजपा का बिल्ला लेकर जेब में घूमने वाले अधिकारी ध्यान से सुन लें उपचुनाव के नतीजे आने के बाद ऐसे लोगों की खैर नहीं जो पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाते हैं। यह बात सुनने के बाद कुछ अधिकारी चुपचाप वहां से निकल गए थे।

नुक्कड़ सभा में सुनील शर्मा को दिलाया जीत का भरोसा

ग्वालियर। आज 6 अक्टूबर को 15 विधानसभा ग्वालियर कांग्रेसी प्रत्याशी सुनील शर्मा के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन गेंडे वाली सड़क भारी तादाद में जनता ने उनका स्वागत करते हुए जीत का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन मुस्लिम नेता पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आसिफ अली ने किया सभी लोगों का आभार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष वीर सिंह तोमर सभी लोगों का आभार किया। मध्यप्रदेश में 15 महीने कमलनाथ सरकार ने जो उपलब्धि जो जनता के लिए काम किए हैं कन्याओं को 51 हजार हर घर में बिजली का बिल 200 आम गरीब जनता कांग्रेश सरकार माननीय कमलनाथ जी की सरकार फिर दोबारा मध्यप्रदेश में पुनः वापसी होगी इस अवसर पर उपस्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अख्तर हुसैन कुरेशी शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष है हैवरन सिंह कसाना ,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन प्रभारी महामंत्री लतीफ खां मल्लू, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य हसन मोहम्मद कुरैशी, अनीस हुसैन, नगरपाल, आर अशरफ खान , नवाब अली, सलमान खान सहित अनेकों लोग नुक्कड़ सभा में उपस्थित थे।

सड़क बत्ती के लिए जारी रहेगी सब्सिडी

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि गत वर्षो की भांति वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में निकायों के निम्नदाब सड़क बत्ती विद्युत संयोजनों के लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा नियत लागत प्रभार पर 95 रूपये प्रति किलावॉट प्रतिमाह सब्सिडी जारी रखी जायेगी। वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 में निकायों के निम्नदाब सड़क बत्ती विद्युत संयोजनों के लिए नियत लागत प्रभार पर 95 रूपये प्रति किलोवॉट प्रतिमाह सब्सिडी प्रदान करने के लिए विभागीय बजट में पृथक मद प्रारंभ कर 11.85 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

मुरार में हुआ सतीश का स्वागत

ग्वालियर। आज शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुरार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ सतीश सिकरवार के समर्थन में जनसंपर्क मुरार के वार्ड क्रमांक 27 के सीमेंट कोठी, संभाजी कॉलोनी, आर्य नगर की तीनों गलियां, नर्मदा कॉलोनी, रामनगर, काली माई संतर, मुखर्जी नगर आदि क्षेत्रों में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से शहर ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, जनसंपर्क प्रभारी अनिल शर्मा, सह प्रभारी दाऊ मुद्गल, महिला जन संपर्क प्रभारी श्रीमती उषा गहलोत, ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष सत्येंद्र, वरिष्ठ कांग्रेस डॉ दशरथ सिंह, नवल बाल्मीकि, अशोक कुमार, मोनू राठौर, संजय अरोड़ा, सत्येंद्र सिकरवार, नरेश बंसल, वार्ड 27 के मंडलम अध्यक्ष आकाश गोयल, फूलचंद लीडर, रूपेश दुबे, जीतू राणा, चंदन राठौर, रामबरन सिंह चौकोटिया, रामेश्वर दयाल नागर, राजेश सोन, उपकार शर्मा, संजय अरोरा, अमित कुमार, नरेश बंसल, शंकर पाल, सौरव गौड़, आकाश सिंह, बृजेश शुक्ला, अशोक, राहुल सिंह, आकाश जैन, विप्र भारद्वाज, अमन लक्षकार, अनिल मौर्य, विशाल बागरी, अनुराग कोरी, अजय कुमार, शारदा कारोशिया, रामलाल बाथम, अशोक सिसोदिया, रमेश सिंह श्रीवास, रामजी कुशवाह, शंकर पाल आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। तारा माई कॉलोनी थाटीपुर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्वालियर 16 पूर्व के कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ सतीश सिकरवार को क्षेत्रीय जनता ने दिया अपार जनसमर्थन। जनता की मांग बिकाऊ नहीं टिकाऊ डॉ सतीश सिकरवार चाहिए। बाबा साहब के संविधान को खत्म करने वालों को वोट नहीं करेगा दलित समाज।

भिण्ड को सूखाग्रस्त घोषित करने संजीव सिंह ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

भिण्ड (नवप्रभात ब्यूरो)। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भिण्ड जिले में वर्षा का औसत काफी कम रहा है। इस वर्ष जिले में पर्याप्त बरसात न होने के कारण किसानों की खरीफ की फसल उत्पादन में कमी आयी है। वर्षा की औसत मात्रा में आयी कमी को देखते हुए भिण्ड विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने भिण्ड जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भिण्ड जिले में इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा कम बारिश हुई है जिससे जिले का अन्नदाता काफी परेशान है, किसान भाई पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो इस समय प्रकृति व सूखे के मार से त्रस्त हो चुके हैं। रबी की फसल की बोवनी में पर्याप्त पानी न मिलने से उत्पादन क्षमता काफी कम होगी। विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसान हितैषी है। इस समय जिले में किसानों की हालत दयनीय है। किसान की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए भिण्ड जिले को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाए। जिले की औसत वर्षा 668.3 है। इस वर्ष महज 449.8 मिमी. वर्षा हुई है, गत वर्ष इस अवधि तक 755.3 मिमी. हो चुकी थी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार 305.5 मिमी. वर्षा जिले में कम हुई है। भिण्ड विधानसभा में अब तक 458 मिमी. वर्षा हुई है, जबकि पिछले वर्ष 647.5 मिमी. वर्षा हुई थी। इससे जिले के अन्नदाता किसानों के सामने आजीविका का गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस मुश्किल घड़ी में विधायक ने किसानों के हित में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जिले को जल्द ही सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

माता-पिता की सेवा सबसे बढ़ा पुण्य

लहार। ग्राम बिजौरा में मे चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन भगवताचार्य स्वर सम्राट पूज्य कथा बाचक रमाकांत जी ब्यास महाराज ने कहा की माता पिता की सेवा सबसे बढ़ा पुण्य होता है उन्होने कहा माता पिता संसार मे प्रत्यक्ष देवता है इनकी सेवा ही सबसे बढ़ा भजन है आप भजन न करे ,मंदिर न जाये ,कथा न सुने चलेगा पर यदि आप अपने माता पिता की सेवा नही करते है तो नही चलेगा ,जो व्यक्ति अपने मातापिता को कष्ट देता है वो जीवन मे कभी सुखी नही रेह सकता ,माता पिता की आँखो से जीवन मे सिर्फ दो ही वार आँसू निकलते है एक जब बेटी घर छोड़कर जाती है तब और दूसरा जब बेटा मुख मोड़ता है तब ,भगवान राम ने भी कहा है की वही पुत्र भाग्यवान होता है जो माता पिता के वचनों को मानता है ऐसे व्यक्ति की मुट्ठी मे पुण्य के चारो पदार्थ होते है अर्थ ,धर्म ,काम ,मोक्ष ,जिनको माता पिता के लिये बेटा प्राणों से प्रिये होता है , बेटे के लिय कितने भी कष्ट सहन करते है कितनी भी सर्दी पड़ रही हो बालक यदि बिस्तर पर पिसाब कर लेता है तो माँ उसे सूखे मे लेटाकर खुद रात भर गीले मे लेटी रेहती है एक माता के कितने भी बच्चे हो उनका पालन पोषण करने मे उसे कभी कोई कष्ट नही होता है पर विडंबना तो ये है की जब वह बूँडे हो जाते है तब 10 पुत्र भी मिलकर अपने माता पिता को सुखी नही रख पाते यह व्याख्यान उन्होने भागवत कथा के दौरान कहे इस मौके पर कथा पारीक्षत परमसुख बाबा ने ग्राम बासियों एबम आसपास के क्षेत्र के लोगो से ज्यादा से ज्यादा कथा अम्रत पान करने का निवेदन किया कथा का सुभारम्भ दीपू त्रिपाठी द्वारा भागवत पुराण की आरती करके किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस मीडिया में अपना.....

एमएसपी पर खरीद जारी रहेगी। इन अधिनियमों में सिर्फ और सिर्फ किसानों के हितों का संरक्षण किया गया है। नये प्रावधानों में उपज बेचने के सिर्फ तीन दिनों में भुगतान की व्यवस्था निर्धारित की गई है। किसान की भूमि के स्वामित्व का शत प्रतिशत संरक्षण किया गया है। कृषि उत्पादों पर टैक्स शून्य होने से किसानों को ज्यादा लाभ प्राप्त होगा। कृषि मंत्री तोमर ने बताया कि 2020.2021 में कृषि बजट एक लाख 34 हजार करोड का रखा गया है। वहीं एनीमल हसबेंडरी, फिसरीज जो पहले कृषि में ही शामिल था का अलग से विभाग बनाकर उसका अलग से बजट तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में लगभग 10 करोड किसानों को 93 हजार करोड की राशि जारी की गई अभी इसमें एक दो करोड किसान और जुडेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक केसीसी का लाभ 25 हजार रूपये तक ही मिलता था। अब उसे जितनी किसान की खेती का रकवा है उसी हिसाब से मिल रहा है। फसल बीमा में पिछले चार वर्षों में 17500 करोड रूपये का भुगतान किया गया। किसान रेल के बाद अब किसान उड़ान भी जल्दी शुरू की जायेगी। कृषि हेतु संस्थागत ऋण की उपलब्धता को बढाकर 15 लाख करोड रूपये कर दिया गया है। किसानों को केवल चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। सोइल हेल्थ कार्ड योजना में 10 हजार मृदा प्रयोग शालाएं देश में स्थापित की गई है 15 करोड से ज्यादा किसानों को सोइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराये। मधुमक्खी पालन को विशेष बढावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि सुधारों के लिये मुख्यमंत्रियों की समिति बनाई गई जिसमें पंजाब, मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री भी शामिल थे, इन सबने कृषि सुधारों को उचित बताते हुये अपनी अनुशंसा की थी। तत्कालीन सीएम कमलनाथ ने किसानों को उनके उत्पाद बेचने के लिये बहुआयामी विकल्प दिये जाने का सुझाव तक दिया था। संविदा खेती पर भी जोर दिया था। इतना ही नहीं केन्द्र सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के बाद ही एमएसपी की सिफारिश को माना । जिसमें लागत का पचास प्रतिशत मुनाफा जोडना शामिल है।

कांग्रेस के राहुल गांधी कृषि बिलों का विरोध कर रहे हैं के जबाब में तोमर ने कहा कि कांग्रेस में राहुल गांधी की बात सुनी जाती नहीं है, वह तो केवल विरोध कर रहे हैं वह भी ऐसे ट्रेक्टर पर बैठ कर जिसमें सोफा लगा हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तो स्वयं अपने घोषणा पत्र में लिखी बातों से ही मुकर रहे हैं। उनमें यदि नैतिकता बची हो तो वह अपने ही चुनाव घोषणा पत्र में लिखा हुआ मानें। उन्होंने कहा कि राहुल पर कांग्रेस को ही भरोसा नहीं है तो देश को क्या होगा। अटल एक्सप्रेस वे के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि जहां जहां अधिक विकास हुये वह पानी और सड़क वाले क्षेत्र थे। अटल एक्सप्रेस वे क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका सपना 2016.17 में देखा था। अब उसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। बीच में कांग्रेस की सरकार आने पर भी पूर्व सीएम कमलनाथ से बात की लेकिन उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। 3 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा के उप चुनावों में भाजपा कौन सी सीट जीतेगी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा सभी सीटें जीतेगी। ग्वालियर चंबल अंचल की 16 सीटों के बारे में भी उन्होंने कहा कि वह सभी सीटें भाजपा के खाते में जायेंगी। किसानों की कर्ज माफी के बारे में उन्होंने कहा कि कर्ज माफी किसानों की समस्या का हल नहीं है। शिवराज सिंह चौहान सरकार ने किसानों को छह हजार की जगह दस हजार रूपये एक वर्ष में देने का फैसला लिया है। पत्रकार वार्ता में सांसद ग्वालियर विवेक शेजवलकर, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल माखीजानी, भाजपा मीडिया प्रदेश प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर, मीडिया पैनलिस्ट आशीष अग्रवाल, पवन सेन आदि मौजूद थे।

मध्य प्रदेश के स्कूलों में अभी नहीं लगेंगी नियमित कक्षाएं, दीपावली के बाद शिक्षा विभा लेगा फैसला

भोपाल। केंद्र सरकार ने 15 अक्टूबर से स्कूल खोलने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। हालांकि केंद्र ने सभी राज्यों को फैसला लेने को भी कहा है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक ही राज्यों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करनी होगी। हालांकि, इसे लेकर मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने अभी कोई गाइडलाइन तैयार नहीं की है। प्रदेश में जिस एसओपी के आधार पर 21 सितंबर से नौवीं से 12 वीं तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसी आधार पर अभी 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन होगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी पहली से आठवीं तक के स्कूल खोलने की कोई संभावना नहीं है। नौवीं से 12वीं तक भी नियमित कक्षाएं नहीं लगेंगी, बल्कि आंशिक कक्षाएं ही संचालित होंगी। दीपावली के बाद कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए मिडिल, हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल खोलने पर विचार होगा। इस दौरान नई एसओपी तैयार की जाएगी।

29 वर्ष से फरार चल रहे हत्या के प्रयास का आरोपी मिहोना पुलिस ने दबोचा

मिहोना। पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन एवम एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत आज थाना प्रभारी मिहोना सुनील सिंह सिकरवार ने आज मुखबिर की सूचना से उन्तीस बर्ष से फरार हत्या का आरोपी धर दबोचा थाना प्रभारी मिहोना को सूचना मिली कि आपके थाने का फरार आरोपी जो काफी दिनों से फरार चल रहा है भोपाल रहने लगा था अपने किसी काम से गाओं आया है और फिर फरार होने की फिराक में है मुखबिर की सूचना पर तुरंत उपलब्ध पुलिस बल के साथ तस्तीक कि गयी तो पुलिस देख आरोपी ने भागने की कोशिश की पर नाकामयाब रहा आरोपी को पकड़कर थाने लाया गया जहां उसने पूंछतांछ में अपना नाम सुरेश कुमार शर्मा पुत्र छोटे लाल शर्मा निबासी मछरिया का होना बताया आरोपी के खिलाफ मिहोना थाना में अपराध क्र.16/19 धारा 307,147,148,149 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध था आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर दाखिले हबालात किया गया।

मधुर शर्मा बने सिंधिया फैन्स क्लब के प्रदेश सचिव

लहार। सिंधिया फैन्स क्लब के संरक्षक तुलसी सिलावट,गोविंद राजपूत,प्रद्युम्न तोमर जी के सिद्धान्तों को अंगीकार करने पर बरिष्ठ मार्गदर्शक युवा नेता अशोक चौधरी की अनुसंसा से मधुर शर्मा पुत्र स्व.शिव शर्मा निबासी गल्लामंडी लहार को सिंधिया फैंस क्लब की मध्यप्रदेश इकाई का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव मधुर शर्मा द्वारा त्यागी द्वारा सिंधिया फैंस क्लब के सभी पदाधिकारियों एवम युवा नेता अशोक चौधरी जी सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हम इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे तथा श्रीमंत महाराज सिंधिया जी के मार्गदर्शन में जनसेवा कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वालों में देवेंद्र त्यागी, मानव शर्मा, धीरू भटपुरा, राहुल गुप्ता, दिव्यांश भदौरिया, कल्लू परमार,अनुज शर्मा,अकबर खानअसवार, विजय शर्मा, अजय त्यागी, जयवर्धन त्यागी राजीव, अनिल नरवरिया, मेघसिंह पाल, आदि ने शर्मा जी को बधाई प्रेषित की।

भाण्डेर विधानसभा उप चुनाव: भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

नितेन्द्र गोस्वामी

इन्दरगढ़ (भाण्डेर)। मध्य प्रदेश में आगामी 3 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के चलते भांडेर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रतिनिधि संतराम सिरोनिया ने भलका भिटारी, सालोन, बरका आदि गांव में जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रक्षा संतराम सिरोनिया ने आम जनता से उप चुनाव में भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील की भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सिरोनिया ने कहा कि मैं विगत 40 वर्षों से क्षेत्रीय जनता की सेवा करते आ रहा हूं मेरे संपूर्ण परिवार ने क्षेत्रीय जनता की सेवा की है और वह मैं हमेशा करता रहूंगा क्षेत्रीय किसानों के हक के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा और शासन स्तर से जो भी संभव मदद किसानों के हित में बनती है, उन्हें दिलाई जाएगी। हमारे भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी हमेशा किसानों के भले के लिए विचार में रहते हैं एवं उनका हित करने के लिए हर संभव कोशिश तथा प्रयास समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे हैं जैसे कि अभी वर्तमान में उपचुनाव से पहले किसान श्रद्धा निधि एवं बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में पहुंचाई जा रही है। और किसानों को समय पर हर संभव मदद दिलाने का प्रयास रहेगा। क्षेत्रीय जनता से मेरी पुनः अपील है कि भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को विजई बनाएं तथा भांडेर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिता कर मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को स्थाई रूप प्रदान करें। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में आपने उपचुनाव में भाग क्यों लिया पर श्री सिरोनिया ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में मैंने जनता से संबंधित सुविधाओं को लेकर जब भी भांडेर क्षेत्र के विकास से संबंधित कुछ कार्य करने के लिए कहा तो पूर्व की कांग्रेस सरकार में मेरी सुनवाई नहीं हुई और इसी बात को लेकर तथा क्षेत्रीय जनता की सुख एवं समृद्धि को आगे रखते हुए मैंने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दिया था तथा भारतीय जनता पार्टी को मुख्य पार्टी के रूप में चुना एवं संपूर्ण भाण्डेर विधानसभा क्षेत्र का विकास करने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में उपचुनाव में पुनः भांडेर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हूं और भाण्डेर क्षेत्र की जनता से पूर्व की भांति भारी बहुमत से विजय श्री दिलाने का आशीर्वाद मांगने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक मतदाता के घर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सिरोनिया के साथ नीरज शर्मा नेताजी फतेहपुर ,भारतीय जनता पार्टी इंदरगढ़ मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर, राघवेंद्र सिंह जाट ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र कमरिया प्रदीप सेन ,सुनील सेन, राम जी शर्मा ,गोविंद सिंह ,हरकिशन कुशवाहा, रामस्वरूप मंडेलिया प्रभु कुशवाहा,रामजी लाल जाटव श्रीराम बंशकार, विजय राम ,सहित सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी मै. सुकृति प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. श्रीमती प्रियदर्शिनी नागोरी द्वारा नवप्रभात प्रेस, पड़ाव-ग्वालियर-474002 से मुद्रित एवं नवप्रभात कार्यालय, पड़ाव, ग्वालियर-474002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- चंद्रमोहन नागोरी नवप्रभात ग्वालियर आर.एन.आई. रजि. क्र. एम.पी. हिन्दी 1733/57, डाक पंजीकृत संख्या ग्वालियर/40020265/2020-22, फोन-2376264, 2456188, 4041375 e-mail: navprabhat@yahoo.com; navprabhat2@gmail.com